# स्टार्टअप विकास की प्राथमिक कड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसजेएमयू, सीएसजेएम इनोवेशन फाउंडेशन व आईटेक ग्रुप की ओर से शनिवार को स्टार्टअप नेक्सेस कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान छात्रों को स्टार्टअप शुरू करने वाले युवाओं और उद्योग विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण टिप्स दिए। छात्रों को बताया गया कि स्टार्टअप युवा और देश के विकास के लिए बेहद जरूरी है। युवाओं को नवाचार की ओर तेजी से प्रयास करना चाहिए।

स्टार्टअप नेक्सस-2024 के पहले दिन युवाओं को कार्यक्रम का उद्देश्य बताया गया। इस दौरान शिक्षा जगत, उद्योग जगत, विद्यार्थियों व नवाचार स्थापित करने वाले नव उद्यमी शामिल हुए। बताया गया कि कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा, उद्योग, विद्यार्थी और नवाचार के बीच नेटवर्क स्थापित करना है। समारोह के दौरान सिडबी इन्नोवेशन एंड इनक्यूबेशन सेंटर, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रोफेसर अंकुश शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।



उन्होंने इनोवेशन के लिए सभी जरूरी आईडिएशन मेंटरशिप, तकनीकी सहायता व विपणन में सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी विश्वास दिलाया कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान कानपुर में उपलब्ध सभी अवस्थापना सुविधा छत्रपति शाहूजी महाराज इनोवेशन फाउंडेशन के छात्रों को भी उपलब्ध करवाई जाएगी। कार्यक्रम में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया लखनऊ के प्रवीण द्विवेदी ने सॉफ्टवेयर निर्यात के क्षेत्र में राजकीय व्यवस्था की ओर से उपलब्ध सभी अवसरों के बारे में बताया।

- युवाओं को नवाचार के लिए करनी होगी कड़ी मेहनत
- सीएसजेएमयू में युवाओं के लिए नेक्सेस कार्यक्रम

### टेक्नोलॉजी पर होना चाहिए फोकस

समारोह के दौरान युवाओं को बताया गया कि उन्हें स्टार्टअप के लिए टेक्नोलॉजी पर फोकस करना चाहिए। कार्यक्रम में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया लखनऊ के संयुक्त निदेशक प्रवीण द्विवेदी, उद्योग मंत्रालय के प्रतिनिधि के रूप में संयुक्त निदेशक पवन अग्रवाल, सुनील कुमार मौजूद रहे। कहा कि टेक्नोलॉजी किसी भी देश की ताकत होती है। इसलिए युवाओं को उस पर नवाचार के माध्यम से देश को भी मजबूत करना चाहिए। समारोह में हथकरघा निदेशालय से वीरेंद्र कुमार, केंद्रीय लुगदी व कागज संस्थान सहारनपुर के निदेशक मनोज कुमार गुप्त, इनोवेशन अधिष्ठाता डॉ शिल्पा देशपांडे कायस्थ, आईटेक इनोवेशन फाउंडेशन के आलोक पांडे, प्रो डॉ सुधांशु राय, डॉ संदेश गुप्त, नवाचार फाउंडेशन से मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवेक मिश्रा, नवाचार अधिकारी अनिल कुमार त्रिपाठी ने भी विचार रखे।

# डायबिटीज और बीपी से बढ़ रहे किडनी के रोगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** डायबिटीज मेटाबॉलिज्म से जुड़ी एक समस्या है, जिसमें मरीज का ब्लड ग्लूकोज लेबल बढ़ जाता है। डायबिटीज का असर कई अंगों पर पड़ता है। मधुमेह और उच्च रक्तचाप की समस्या एक-दूसरे से जुड़ी रहती है। अधिकांश मरीज उच्च रक्तचाप से भी पीड़ित मिलते हैं, जिसका असर किडनी पर पड़ता है, ऐसे में ब्लड प्रेशर कंट्रोल करना जरूरी है। यह जानकारी नेफ्रोलॉजिस्ट व किडनी प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. अनिल प्रसाद भट्ट ने दी।

अनियमित जीवनशैली व खराब खान-पान का असर शरीर को काफी नुकसान पहुंचाता है। इससे किडनी पर भी अधिक जोर पड़ता है, जिस वजह से भारत में प्रतिवर्ष 12 हजार से अधिक किडनी प्रत्यारोपण हो रहे हैं। जब डायलिसिस और दवा का असर कम हो जाता है, तब किडनी प्रत्यारोपण ही एक मात्र उपाय होता है, जिससे मरीज को एक नई जिंदगी मिलती है।

हर्ष नगर के एक होटल में नोएडा के जेपी हॉस्पिटल में नेफ्रोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट विभाग के निदेशक डॉ.अनिल प्रसाद भट्ट ने बताया कि वह वर्ष 2015 से अब तक एक हजार से अधिक किडनी प्रत्यारोपण कर चुके हैं, जिनमें तीन सौ अंतर्राष्ट्रीय केस शामिल हैं। हॉस्पिटल में किडनी प्रत्यारोपण अत्याधुनिक पद्धति से किया जा रहा है। इस पद्धति में किडनी दाता (डोनर) की किडनी को दूरबीन द्वारा शरीर से हटाया जाता है, जिसका सबसे अधिक लाभ यह होता है कि दाता (डोनर) को कम तकलीफ होती है और जल्द छुट्टी भी मिलती है। यहां डोनर विथ मल्टीपल वैसल्स (किडनी से अधिक नसों का होना), बच्चों की किडनी का प्रत्यारोपण, अनमैच्ड ब्लड ग्रुप के बीच प्रत्यारोपण व रोग प्रतिरोधक क्षमता में असंतुलन वाले मरीजों की किडनी का भी सफल प्रत्यारोपण किया गया है। कानपुर की बात करे तो करीब 42 प्रतिशत लोग किडनी की बीमारी से ग्रस्त है।



जानकारी देते डॉ. डॉ.अनिल प्रसाद भट्ट और साथ में मैनेजर सुनील नेहरा।

- खराब जीवनशैली से अधिकांश लोगों को हो रही किडनी की समस्या
- जेपी हॉस्पिटल के नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ.अनिल प्रसाद भट्ट ने जानकारी दी

### पेन किलर का अधिक सेवन खतरनाक

डॉ.अनिल प्रसाद भट्ट ने बताया कि कई बार लोग हल्का सिर दर्द, हाथ-पांव में दर्द आदि वजहों से बिना डॉक्टर की सलाह पर पेन किलर खाते है, जिसका किडनी पर असर पड़ता है। वहीं, बेवजह विटामिन, कैल्शियम, फाइबर, आयरन व प्रोटीन की दवा के सेवन से किडनी फेल के चांस बढ़ जाते हैं। तब सिर्फ किडनी प्रत्यारोपण ही आखिरी विकल्प होता है। बताया कि जितना खर्च मरीज को एक साल में डायलिसिस कराने में खर्च करने पड़ते हैं, उतने ही रुपये में एक बार किडनी प्रत्यारोपण कराकर मरीज को रोग से मुक्ति मिल जाती है।

### किडनी की समस्या बढ़ने के पांच चरण

**पहला चरण :** किडनी ठीक से फिल्टर करना बंद कर देती है।

**दूसरा चरण :** यूरिन में प्रोटीन की मात्रा अधिक आने लगती है।

**तीसरा चरण :** क्रेटनिन बढ़ने लगता है, ब्लड टेस्ट में यूरिया ज्यादा आना व शरीर में खुजली होने लगती है।

**चौथा चरण :** क्रेटनिन बढ़कर 2-4 हो जाता है। ऐसे में असावधानी मरीज को डायलिसिस या ट्रांसप्लांट की स्टेज में पहुंचा सकती है।

**पांचवां चरण :** इसमें क्रेटनिन 4-5 या उससे ज्यादा हो जाता है। फिर मरीज के लिए डायलिसिस या ट्रांसप्लांट ही उपाय बचता है।

### ये हैं मुख्य लक्षण

- हाथ-पैरों और शरीर में सूजन।
- सांस फूलना
- भूख न लगना
- वजन बढ़ना
- कमजोरी व थकान
- उल्टी और जी मिचलाना
- पेशाब में प्रोटीन निकलना

### ये हैं मुख्य कारण

- तेजी से शुगर बढ़ना
- उच्च रक्तचाप
- शराब का अत्यधिक सेवन
- दूषित खान-पान
- अनियमित दिनचर्या व अत्यधिक तनाव की स्थिति।

## एक नजर

### माकपा नेता शमीम बेगम का निधन, शोक जताया



**कानपुर।** माकपा नेत्री ट्रेड यूनियन लीडर कॉमरेड शमीम बेगम का हृदयगति रुकने से निधन हो गया। वह जनवादी महिला समिति एवं कामगार महिला समिति की संस्थापक सदस्य थीं। उनका अंतिम संस्कार नवाबगंज की बड़ी करबला में किया गया। माकपा पोलित ब्यूरो की सदस्य सुभाषिनी अली सहगल, सईद नकवी, अशोक तिवारी प्रताप साहनी गोविंद नारायण, नीलम तिवारी, राजिया नकवी, जफर आबिद, महबूब आलम, अरविंद गुप्ता, अमित केसरवानी, इशरत, सीमा कटियार, मुन्नी सिंह, कृष्णा सिंह धनपति यादव, मालती यादव, कुमुद साहनी, रामप्रकाश राय, ओम प्रकाश, आरके विश्वकर्मा, विनोद पांडेय, अमित शुक्ला, देवेंद्र श्रीवास्तव, सुधा सिंह ने श्रद्धांजलि दी।

### लो प्रेशर से हुई शहर में पानी की सप्लाई, बढ़ी परेशानी

**कानपुर।** भैरव घाट पंपिंग स्टेशन का ट्रांसफार्मर फुंकने से दूसरे दिन भी पानी की किल्लत रही। जलकल ने सुबह-शाम दो-दो घंटे लो प्रेशर से पानी की सप्लाई की। इससे 100 मोहल्लों में पानी की किल्लत रही। शनिवार देर शाम ट्रांसफार्मर ठीक किया जा सका।

**सीपीसीबी ने लांच किया समीर एप ● शहर की जनता कर सकेगी शिकायत**

# सड़क की धूल पर जनता लेगी एक्शन

अभिषेक वर्मा, कानपुर

**अमृत विचार।** जूही कैंप चौकी से नौबस्ता की ओर मेट्रो के निर्माण कार्य की वजह से सड़क पर जगह-जगह धूल उड़ रही है। यही हाल पनकी में सेतु निगम की ओर से बनाए जा रहे पुल के आसपास है। अब अगर सड़कों पर धूल का गुबार दिखे तो लोग खुद संबंधित विभाग पर कार्रवाई कर सकते हैं। जी हां, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के समीर एप पर आप 'रोड डस्ट' की शिकायत दर्ज कर विभाग व जिम्मेदारों पर कार्रवाई करा सकते हैं। सीपीसीबी के अनुसार शिकायत पर त्वरित कार्रवाई होगी।

शहर में टूटी सड़कों की वजह से फिजिकली समस्या तो है ही, इसके साथ ही सेहत यानी सांस पर बुरा असर पड़ता है। सड़कों पर उड़ने वाली धूल की वजह से वायु प्रदूषण फैलता है, जो फेफड़ों और श्वसन तंत्र को कमजोर करता है। इसकी रोकथाम के लिए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने 'रोड डस्ट' के खिलाफ अभियान छेड़ा है, जिसे कानपुर नगर में भी लागू कर दिया गया है। विभाग ने जागरुकता के लिये सोशल मीडिया पर रेड्यूस एयर पॉल्यूशन और # रोड डस्ट नाम से हैजटैग भी शुरू किया है।

यूपीपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी अमित मिश्रा ने बताया कि रोड डस्ट के जरिए कोई भी व्यक्ति सीधे शिकायत भेज सकता है। इसकी मॉनीटरिंग ऊपर से हो रही है। जनता की ओर से की गई शिकायत पर कार्रवाई आवश्यक होती है। त्वरित निस्तारण के लिए संबंधित विभाग को नोटिस के साथ ही जुर्माने की कार्रवाई करते हैं। उन्होंने बताया कि पहले हम लोग स्वयं ही संज्ञान लेकर कार्रवाई करते थे, अब जनता खुद भी अपनी समस्या बताएगी और उस पर कार्रवाई करवा सकती है।

> सीपीसीबी की यह नई सुविधा है। इसके जरिये शिकायत करने के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। कार्रवाई क्या हुई? इसके लिए भी पूछना नहीं होगा। सब कुछ एप के जरिये पता चलेगा। प्रदूषण एक्ट के तहत नोटिस और जुर्माने की कार्रवाई का प्रावधान है।
>
> **- अमित मिश्रा, क्षेत्रीय अधिकारी, यूपीपीसीबी**

### मेट्रो, सेतु निगम पर पहले भी हो चुकी कार्रवाई

- अमित मिश्रा ने बताया कि शहर में वायु प्रदूषण को लगातार रोकने के लिए काम हो रहा है। वायु प्रदूषण फैलाने में मेट्रो और सेतु निगम को नोटिस देने के साथ ही जुर्माना लगा चुके हैं। जटेटा और टूटी सड़कों के लिए नगर निगम को नोटिस देने के साथ जुर्माना लगाया गया है। यह कार्रवाई निरीक्षण के दौरान खामी मिलने पर की गई थी। अब पब्लिक रोड डस्ट के माध्यम से बताएगी तो उस पर त्वरित कार्रवाई करेंगे।

### समीर एप डाउनलोड कर शिकायत करें

- समीर एप मोबाइल पर डाउनलोड करें। मोर पर जाएं, फिर एड कंप्लेंट पर जाएं। यहां कैटेगरी में रोड डस्ट सिलेक्ट करें। इसके बाद उड़ती धूल की फोटो लेकर अपलोड करें। इसके बाद सारी जानकारी लिखें। आप करेंट लोकेशन लगाकर या मैनुअली राज्य व शहर चुनकर, सड़क का नाम लिखकर अपनी डिटेल्स भरकर व मोबाइल नंबर, ईमेल भरकर कंप्लेन सबमिट करें। इसके बाद संबंधित अधिकारी कार्रवाई करेंगे।

### प्रोजेक्ट का सीपीसीबी भी करता है मूल्यांकन

- अमित मिश्रा ने बताया कि इससे पहले डस्ट एप के जरिये भी बड़े प्रोजेक्ट पर नजर रखते हैं। प्रोजेक्ट में डस्ट को कंट्रोल करने के लिए क्या-क्या उपाय किये गये? इसकी जांच करते हैं। इसके बाद फीडबैक देते हैं। अंत में अधिकारी प्रोजेक्ट में अपने सुझाव देने के बाद स्कोरिंग देते हैं। उन्होंने बताया कि यह एक तरह से सेल्फ ऑडिट डस्ट कंट्रोल होता है, जिसमें हम कार्यों का खुद ही मूल्यांकन करते हैं।

# एसटीएफ के जवान को धमकाया, रिपोर्ट

**कानपुर।** कोर्ट में गवाही देने पर आरोपियों ने एसटीएफ के जवान को जान से मारने की धमकी दी। जवान ने डीसीपी पूर्वी से मामले की शिकायत की। डीसीपी पूर्वी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने दो लोगों को नामजद करते हुए पांच के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

चकेरी के शक्ति नगर निवासी एसटीएम जवान शिवेंद्र सिंह सेंगर ने बताया कि उन्हें राष्ट्रपति व राज्यपाल की ओर से सम्मानित किया जा चुका है। शिवेंद्र के मुताबिक सफीपुर निवासी सुरेश शुक्ला और गांधी ग्राम निवासी दीपक यादव के खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हैं। कुछ मामलों में वह गवाह हैं। आरोपियों ने रंजिश में उनके खिलाफ फर्जी मुकदमें दर्ज कराए, जिनको कोर्ट ने निरस्त कर दिया। आरोप है कि अगस्त 2023 में वह अपने मुकदमे की पैरवी के लिए कोर्ट आए थे, जहां आरोपियों ने अपने दो-तीन अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उनको मुकदमे में गवाही देने पर जान से मारने की धमकी दी। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि डीसीपी पूर्वी के निर्देश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।


पुरस्कारों के साथ विजेता प्रतिभागी। अमृत विचार

# वार्षिक खेलकूद में 97 विजेताओं को मेडल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन में आयोजित हुआ पुरस्कार वितरण समारोह

**अमृत विचार।** ओंकारेश्वर सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कालेज जवाहर नगर में शनिवार को वार्षिक क्रीड़ा पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। मुख्य अतिथि डायरेक्टर रोटरी क्लब ऑफ इंडस्ट्रियल रितु लार्ड ने विजेता 97 प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र व मेडल प्रदान किया। विशिष्ट अतिथि स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. जया त्रिवेदी रहीं।

छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए रितु लार्ड ने कहा जो निरंतर श्रम करेगा, वही जीवन में सफलता पाएगा। सभी अपनी रूचि के अनुसार काम का चुनाव करने के लिए स्वतंत्र हैं। पढ़ाई के साथ खेल भी आवश्यक है। अभिभावकों को भी चाहिए कि बच्चों के लिए खेलने का समय व व्यवस्था सुनिश्चित करें। डॉ. जया त्रिवेदी ने कहा कि व्यक्ति को जीवन में सफलता खुद के परिश्रम व माता-पिता, शिक्षकों के सहयोग से मिलती है। असफलता से कभी घबराना नहीं चाहिए।

इंस्टीट्यूशन के संरक्षक डॉ. अंगद सिंह ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट किया। प्रबंध निदेशक डॉ. पूजा अवस्थी ने स्वागत किया। प्रधानाचार्य राममिलन सिंह ने अतिथियों का परिचय कराया। संचालन गौरी सचान ने किया। छात्र संसद की प्रधानमंत्री भाव्या शुक्ला ने आभार जताया। समारोह में विद्यालय प्रबंध समिति की महानिदेशक डॉ. नीरजा अग्निहोत्री, डॉ. ममता तिवारी, आरके सिंह, सुशील शुक्ला, पूनम दीक्षित, निधि गुप्ता, विनोद दीक्षित आदि रहे।

# सेमीफाइनल मैच में हर्ष स्पोर्टिंग, कैंटोनमेंट जीते

**फुटबाल लीग**

- आज दोनों टीमों के बीच होगा कांटे का मुकाबला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिला फुटबाल एसोसिएशन के शहीद कैप्टन आयुष यादव डिस्ट्रिक्ट फुटबाल लीग में शनिवार को पालिका स्टेडयम में खेले गए सेमीफाइनल में हर्ष स्पोर्टिंग ने बीपीएल यूनाइटेड को 2-0 से और कैंटोनमेंट फुटबाल क्लब ने विजय स्पोर्टिंग को 3-1 से हराकर फाइनल में अपनी जगह बनाई। अब रविवार को टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला कैंटोनमेंट फुटबाल क्लब और हर्ष स्पोर्टिंग के बीच खेला जाएगा। थर्ड प्लेस का मुकाबला विजय और बीपीएल के बीच खेला जाएगा।

लीग का पहला सेमीफाइनल मुकाबला शनिवार को हर्ष स्पोर्टिंग और बीपीएल यूनाइटेड क्लब के बीच खेला गया। पहले हाफ में संघर्ष भरा मुकाबला रहा। दूसरे हाफ में अभिषेक थापा ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए टीम को दो गोल की बढ़त दिलाई। इस तरह हर्ष ने बीपीएल को 2-0 से हरा दिया। दूसरा मुकाबला कैंटोनमेंट क्लब और विजय स्पोर्टिंग के बीच खेला गया। दूसरे हाफ में ही कैंटोनमेंट को एक पेनल्टी मिली, जिसे राकेश वर्मा ने गोल में बदला।

# न्यूज मेरठ ने जीता चंद्रा प्रीमियर लीग

**कानपुर।** चंद्रा क्रिकेट अकेडमी की ओर से आयोजित चंद्रा प्रीमियर लीग में शनिवार को न्यूज मेरठ और कानपुर ब्लू वॉरियर्स के बीच पहला मैच मंधन के मैदान में खेला गया। ब्लू वॉरियर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 127 रनों पर सिमट गई। टीम के अमित कुमार ने 29 गेंदों पर 35 रन बनाए। अरमान ने 33 गेंदों पर 32 रन का योगदान दिया। न्यूज मेरठ के मयंक ने पांच ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट झटके। जवाब में मेरठ टीम ने अंकित के शानदार 41 रन की बदौलत लक्ष्य को 22.3 ओवरों में प्राप्त कर पांच विकेट से जीत दर्ज कराई। मैन ऑफ द मैच मयंक रहे और उन्होंने तीन विकेट लिए। फाइटर ऑफ द मैच का पुरस्कार आयुष प्रजापति को मिला।

# खोदाई कराकर जांची सड़क

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शहर में बन रहीं सड़कों की क्वालिटी नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन लगातार जांच रहे हैं। शनिवार को उन्होंने मुख्य अभियंता के साथ जोन-5 में कराए गए कार्यों का औचक निरीक्षण किया। वार्ड-93 के अन्तर्गत गोविन्द नगर में थाना रोड व सहारा बिल्डिंग से स्टेशन तक सड़क सुधार कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क की थिकनेस की जांच की, जो 80 एमएम पाई गई। सड़क का सरफेस भी ठीक पाया गया।

नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन को मुख्य अभियंता ने बताया कि कार्य की लागत 28.14 लाख रुपये है। यह सड़क दो दिन पहले ही बनी है। नगर आयुक्त ने मौके पर अपने सामने सड़क को खुदवाकर कार्य की गुणवत्ता चेक की, जो ठीक मिली। इस दौरान उन्होंने कहा कि दो दिन पूर्व बनी सड़क के किनारे को और मजबूत करने के लिए तारकोल डाला जाए, साथ ही सड़क पर थमोप्लास्ट पेन्टिंग कराने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने कहा कि सड़क निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता माफ नहीं होगी। इस तरह निरन्तर निरीक्षण किया जाता रहेगा और कार्य की गुणवत्ता को औचक चेक किया जाएगा। निरीक्षण के समय जोनल अभियन्ता अतुल पाण्डेय, अवर अभियन्ता अखिलेश मौजूद रहे।


गोविंद नगर थाने के सामने सड़क को खुदवाकर जांच करते नगर आयुक्त।

- मुख्य अभियंता के साथ सड़क की जांच करने पहुंचे नगर आयुक्त

**आयोजन** भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ की ओर से अर्मापुर के समाज सदन में महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम

# महिलाओं की भागीदारी से ही राष्ट्र का विकास संभव : नीतू सिंह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्र का संपूर्ण विकास व समरसता विकास तभी संभव है, जब महिलाओं को समाज में उचित स्थान वह पद दिया जाए। भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ की ओर से आयोजित महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में शनिवार को यह विचार वक्ताओं ने रखे।

भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ की ओर से अर्मापुर स्थित समाज सदन में शनिवार को महिला सशक्तिकरण पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मजदूर संघ से संबंधित रक्षा इकाई भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ परिवार ने यह विचार गोष्ठी महिलाओं पर आधारित रखी। मुख्य वक्ता समाजसेवी नीतू सिंह ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण व राष्ट्रीयकरण में महिलाओं के उत्थान के लिए क्या किया जाए, इस पर वक्ताओं ने विचार रखे। वक्ताओं ने कहा कि राष्ट्र का संपूर्ण विकास व समरसता विकास तभी संभव है, जब महिलाओं को समाज में उचित स्थान व पद दिया जाए। जब पुरुषों के साथ उन्हें भी विकास में सहभागी माना जाए, तभी महिला सशक्तिकरण का उत्थान हो सकता है। महिलाएं आर्थिक, स्वावलंबन, राजनीतिक भागीदारी व सामाजिक विकास के लिए पदों पर पहुंचकर भागीदारी सुनिश्चित करें। शैक्षिक, सामाजिक व आत्मनिर्भर अभियान के तहत महिलाएं अपने वजूद प्राप्त कर सकती हैं।

आयुध निर्माणी की महाप्रबंधक ज्योति त्रिवेदी, एडिशनल डिस्ट्रिक्ट जज दीपाली सिंह, मीडिया पर्सन माली सेठ व भारतीय मजदूर संघ की सचिव मीना राजपूत आदि ने अपने विचार व्यक्त किए और महिलाओं को आगे लाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ की सुधारानी ने किया। अध्यक्षता ज्योति त्रिवेदी ने की। अतिथियों का स्वागत राष्ट्रीय महामंत्री मुकेश सिंह, आभार साधू सिंह ने जताया। यहां सुनील अवस्थी, मोहनलाल अरोड़ा, कमल किशोर, सत्येंद्र भदोरिया, दीपक शुक्ला, पुनीत गुप्ता, तनवीर अहमद, मीडिया प्रभारी अभय मिश्रा आदि रहे।



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करतीं नीतू सिंह। अमृत विचार


कार्यक्रम में महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरा एनटीपीसी अभिलेखों में पूरा नाम SHEETAL PRASAD SHARMA अंकित है। जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम SHEETAL PRASHAD SHARMA दर्ज है। अत: एनटीपीसी अखिलेखों में भी मेरा शुद्ध नाम SHEETAL PRASHAD SHARMA दर्ज किया जाए। -शीतल प्रशाद शर्मा पुत्र तिलकराज शर्मा कर्मचारी संख्या - 080154, निवासी - A E -104, एनटीपीसी कालोनी, ऊंचाहार-रायबरेली

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **दुफाना पुत्री भजन पत्नी झब्बूलाल, निवासी- ग्राम-नसीपुर मजरे मंसारा, थाना- असंद्रा, जनपद बाराबंकी** सशपथ बयान करती हूं कि मेरे भाई नकछेद पुत्र भजन निवासी पूरे लोधे सिंह मजरे बम्हरौली कोतवाली हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी करीब 20 वर्षो से लापता हैं। इस दौरान इन्हें न देखा गया और न ही कोई सूचना है।

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम (ARSUMA) था जिसे मैने बदलकर (ARSHUMA JAMEEL) D/o Mohammad Muzammil jameel, रख लियाा है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। Add 424/381 gari peer khan Near farooq tehki Chowk Lucknow

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **विनोद कुमार पुत्र सूरजपाल निवासी- सूर्ज बक्शखेडा, लोदीपुर, परगना खीरों, तह0 लालगंज, जनपद-रायबरेली**, यहकि मेरे अलग-अलग दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम सूरजपाल व सूर्यपाल अंकित है जबकि सूरजपाल उर्फ सूर्यपाल एक ही व्यक्ति है और मेरे पिता के रूप में जाने जाते है।

**सूचना**
सूचित हो कि पहले मेरा नाम पुराना नाम (MOHAMMAD TAHQEER) था जिसे बदलकर मैने अपना नाम (MOHD TAHQEEQ) रख लियाा है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। MOHD TAHQEEQ S/o MOHD HAFEEZ, ADDRESS - 117/47 JAMBOOR KHANA LUCKNOW - 226001

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **शेर बहादुर पुत्र गनेश प्रसाद, निवासी- मान खेड़ा मजरा कनकहा थाना व तहसील मोहनलालगंज जिला लखनऊ**, मेरे 02 पुत्र लवकुश यादव व आशू यादव हैं। मेरा छोटा पुत्र आशू शराबी व्यक्ति है इन लतों के कारण काफी पैसा बर्बाद कर चुका है। आये दिन लड़ाई झगड़ा करता है मेरे व परिवार जनों द्वारा बार-बार समझाने के बावजूद भी वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। उसके इन कृत्यों से तंग आकर अपने पुत्र आशू यादव को अपनी समस्त चल अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ यदि भविष्य में उसके द्वारा किसी घटना को अंजाम दिया जाता है तो उसकी जिम्मेदारी आशू यादव की होगी मेरे व अन्य पारिवारिकजनों की नहीं।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **श्रीमती परवीन पत्नी मो0 अहमद, निवासिनी-542 पीएन 28एन, निकट-मायावती होटल, असियामऊ, थाना-ठाकुरगंज, लखनऊ** मेरे पुत्र मो0 आसिफ पुत्र मो0 अहमद व बहू श्रीमती कहकशां पत्नी मो0 आसिफ परिवार व अन्य लोगों के साथ लगातार गलत-व्यवहार व आचरण करते है, उक्त दोनों लोग (पुत्र व बहू) लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व से घर से अलग हो चुके हैं, आसिफ शराब के नशे में बहू कहकशां व मायके वालों के साथ आकर मार-पीट व गाली गलौज करते हैं उनसे क्षुब्ध होकर पुत्र व बहू उपरोक्त को अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है व उनसे अपने सारे सम्बन्ध समाप्त कर लिये हैं। अब उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य या लेन-देन के वह स्वयं जिम्मेदार होगें, मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों से कोई भी वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

The Ano-Rectal Clinic
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज
Video Recto Scope
क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ | www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

**आज का मौसम**
दिनभर तेज धूप रहेगी, गर्म हवा चलेगी।

| 38.8° अधिकतम तापमान | 28.4 न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 05:33 | सूर्यास्त 06:39 |

## शहर में आज

- **संगोष्ठी :** क्राइस्ट चर्च कॉलेज में वैज्ञानिक व तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी 10 बजे।
- **सुंदरकांड :** पुनऊ जाख बाबा प्रबंध सेवा समिति के द्वारा सुंदरकांड व भंडारा नौबस्ता मछरिया में शाम चार बजे।
- **प्रशिक्षण :** कानपुर ऑप्थेलमिक सोसाइटी द्वारा यूपी स्टेट जोनल और पीजी शिक्षण कार्यक्रम विजय विला में शाम चार बजे।
- **बैठक :** गृहमंत्री अमित शाह द्वारा चुनाव के संबंध में होटल विजय विला में बैठक शाम छह बजे।
- **अवार्ड शो :** प्रमोद फिल्म क्रिऐक्शन द्वारा नई प्रतिभाओं का अवार्ड शो गोविंद नगर दीप होटल में शाम 6:30 बजे।
- **नृत्य नाटिका :** महाकवि सूरदास पदावलियों पर नृत्य नाटिका सूर के श्याम का मंचन लाजपत भवन में शाम सात बजे।

# डंपर और कार में सीधी भिड़ंत ससुर-बहू समेत तीन की मौत

## बीमार पिता का इलाज कराने आ रहा था परिवार, हादसे के बाद डंपर चालक भागा

कार्यालय संवाददाता, बिधनू

**अमृत विचार।** हमीरपुर हाईवे पर माधवबाग बाजार के पास ओवरटेक करते समय तेज रफ्तार डंपर ने कार में सीधी टक्कर मार दी। इस हादसे में ससुर, बहू और कार चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घायल बेटे और नाती को पुलिस ने प्राथमिक उपचार के बाद हैलट में भर्ती कराया है। हादसे के बाद चालक डंपर छोड़कर मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। राहगीरों की सूचना पर बिधनू पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से कार के दरवाजे को काटकर घायलों को बाहर निकाला। घायल युवक अपने पिता का इलाज कराने के लिए परिवार समेत हैलट जा रहा था।

फतेहपुर जिले के जहानाबाद कस्बा निवासी हाशिम (52) ने बताया कि उनके पिता हबीब (85) की शनिवार की दोपहर अचानक तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। पिता को हैलट में दिखाने के लिए उन्होंने डिघरुवा निवासी अमौली ब्लॉक के सफाई कर्मी पंकज वर्मा (34) की कार बुक की थी। हाशिम अपनी पत्नी हुस्नआरा (45), बेटे अमन (18) के साथ पिता हबीब को लेकर हैलट आ रहे थे। रमईपुर क्रॉस करने के बाद हमीरपुर हाईवे पर जब माधवबाग बाजार के पास पहुंचे, तभी नौबस्ता की ओर से आए तेज रफ्तार डंपर ने ओवरटेक करते हुए उनकी कार में सामने से टक्कर मार दी, जिससे कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई।

भीषण हादसे के बाद राहगीरों ने डंपर चालक को दौड़ाया, लेकिन वह डंपर छोड़कर मौके से भाग निकला। राहगीरों ने हादसे की सूचना बिधनू पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहगीरों की मदद से कार का दरवाजा कटर से काटकर घायलों को बिधनू सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने चालक पंकज वर्मा, बीमार बुजुर्ग हबीब और बहू हुस्नआरा को मृत घोषित कर दिया। वहीं हाशिम और अमन को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में हैलट रेफर कर दिया। थाना प्रभारी प्रेमचंद्र कनौजिया ने बताया कि घटना के बाद चालक डंपर छोड़कर मौके से फरार हो गया है। परिजनों को घटना की जानकारी देकर शव मर्चुरी भिजवाए गए हैं।


डंपर की टक्कर से क्षतिग्रस्त हुई कार।

- नौबस्ता-हमीरपुर हाईवे पर माधवबाग बाजार के पास हुआ दर्दनाक हादसा

### हादसे के बाद एक घंटे जाम रहा हमीरपुर हाईवे

कार और डंपर की आमने-सामने भिड़ंत के बाद हमीरपुर हाईवे पर भीषण जाम लग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीएनसी की क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को किनारे करवाकर यातायात सुचारु करवाया। इस दौरान करीब एक घंटे तक वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं। घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने बताया कि क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवा कर यातायात सामान्य करा दिया गया है।

### एक साथ तीन मौतों से मचा कोहराम

सड़क हादसे में ससुर बहू व कस्बे के ही चालक की मौत की सूचना पर गांव में कोहराम मच गया। जहानाबाद कस्बे में जिसको भी हादसे की जानकारी हुई वह मृतकों के घर की ओर दौड़ पड़ा। वहीं हादसे की जानकारी के बाद मृतकों के परिजन शहर की ओर रवाना हुए।

# सीसामऊ नाले पर ट्रैक का आधार तैयार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- प्रॉयोरिटी सेक्शन को बैलेंस सेक्शन से जोड़ने वाले रैंप एरिया में पूरा हुआ काम
- पिछले दिनों इसी रैंप एरिया में स्टील स्पैन का भी हुआ था परिनिर्माण

**अमृत विचार।** मेट्रो ने बृजेंद्र स्वरूप पार्क के आगे प्रॉयोरिटी सेक्शन को शेष सेक्शन से जोड़ने वाले रैंप एरिया में सभी प्री-कास्ट स्ट्रक्चर रखने का काम शनिवार को पूरा कर लिया। नौ किलोमीटर लंबे प्रॉयोरिटी सेक्शन (आईआईटी-मोतीझील) को चुन्नीगंज-नयागंज अंडरग्राउंड सेक्शन से जोड़ने वाले लगभग 315 मीटर लंबे इस रैंप में ट्रैक के लिए आधार लगभग तैयार हो गया है।

बृजेंद्र स्वरूप पार्क के आगे बन रहा मेट्रो का रैंप सीसामऊ नाले को पार करने के बाद लगभग 18 मीटर गहरे चुन्नीगंज-नयागंज अंडरग्राउंड सेक्शन के टनल से जुड़ेगा। इस रैंप की लंबाई लगभग 315 मीटर है, जिसमें कुल 4 आई-गर्डर, 4 यू-गर्डर और 2 स्टील बॉक्स गर्डर रखे गए हैं। शनिवार को रैम्प के आखिरी यू-गर्डर का इरेक्शन किया गया। इस यू-गर्डर को अबटमेंट वॉल कहे जाने वाले रैंप एरिया के बिंदु से जोड़ा गया।

इसके आगे जमीन की गहराई तक जाने के लिए मेट्रो को एलिवेटेड रैंप पर लगभग 95 मीटर और जमीन के सतह के नीचे भी रैंप पर लगभग 130 मीटर बढ़ाना होगा, जिसके बाद मेट्रो लाइन अंडरग्राउंड टनल से जुड़ जाएगी। आखिरी यू-गर्डर के इरेक्शन के साथ ही इस पूरे रैंप एरिया पर ट्रैक का आधार लगभग तैयार कर लिया गया है।

यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कानपुर मेट्रो की पूरी टीम को बधाई दी और कहा कि मेट्रो के इंजीनियरों की टीम समयपूर्वक काम पूरा करने के लिए पूरे समर्पण के साथ प्रतिबद्धता से जुटी हुई है। उन्होंने बताया कि स्टील बॉक्स गर्डर की रेलिंग पॉली कार्बोनेट मैटेरियल से बनी है, जो तकनीकी रूप से टिकाऊ है।


शनिवार दोपहर रैंप का आखिरी यू-गर्डर रखा गया। अमृत विचार

### डबल पुलिया अंडरग्राउंड सेक्शन में काम तेज

कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के कॉरिडोर-1 (आईआईटी से नौबस्ता) के अंतर्गत बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन के अलावा कानपुर सेंट्रल-ट्रांसपोर्ट नगर भूमिगत सेक्शन और चुन्नीगंज-नयागंज भूमिगत सेक्शन पर भी निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। कॉरिडोर-2 के रावतपुर-डबल पुलिया अंडरग्राउंड सेक्शन पर भी निर्माण कार्य आरंभ हो चुका है।

## एक नजर

### संदिग्ध हालात में नहर में डूबे बुजुर्ग की थमीं सांसें

**कानपुर।** शास्त्रीनगर निवासी रघुवीर सिंह (79) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार शाम वह पनकी नहर में डूब रहे थे। राहगीरों ने उन्हें बचाया था। उन्हें अस्पताल ले गये, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। बेटे अमरजीत ने मौत को संदिग्ध बताते हुए काकादेव पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। बेटे ने बताया कि वह घर पर अकेले थे और ज्यादा चलने-फिरने में असमर्थ थे, लेकिन वह पनकी नहर कैसे पहुंचे यह संदिग्ध विषय है।

# सेक्स रैकेट चलाने में संचालिका गिरफ्तार

**कानपुर।** अहिरवां में सेक्स रैकेट की सूचना पर पुलिस ने एक मकान में छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आपत्तिजनक वस्तुएं बरामद कीं। पुलिस ने संचालिका के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेजा है।

अहिरवां चौकी प्रभारी अरुण यादव ने बताया कि अहिरवां कच्ची बस्ती के एक मकान में एनजीओ की ओर से सेक्स रैकेट चलने की सूचना मिली थी। पुलिस ने छापेमारी की तो कोई ग्राहक नहीं मिला, लेकिन मकान में आपत्तिजनक वस्तुएं पड़ी मिलीं। संचालिका के साथ एक किशोरी मौजूद थी। पुलिस के मुताबिक संचालिका ने पूछताछ में अपना नाम सुमन गुप्ता बताया। चौकी प्रभारी ने बताया कि संचालिका के खिलाफ अनैतिक देह व्यापार अधिनियम, पॉक्सो एक्ट समेत अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से मजदूर की मौत

**कानपुर।** बिधनू थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने लोडर में टक्कर मार दी, हादसे में मजदूर की मौत हो गई।

सपई निवासी बलजीत (42) पत्नी रीता व दो बच्चे आयुष व हिमांशु के साथ रहते थे। शुक्रवार को बलजीत खेत गया था। रात करीब आठ बजे बलजीत लोडर से लौट रहा था, तभी पीछे से तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी, जिससे लोडर पलट गया। हादसे में बलजीत की मौत हो गई।

# क्रॉसिंग पर फंसा पेट्रोल टैंकर, रोकी गई ट्रेन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- एक स्टेशन पहले पहुंच चुकी थी ट्रेन, कांप उठा गैंगमैन
- बचा ट्रेन हादसा, लाइन पर 20 मिनट तक खड़ी रही ट्रेन

**अमृत विचार।** रफ्तार भरते हुए गोमतीनगर-जयपुर एक्सप्रेस गुरुदेव क्रासिंग पर पहुंच गई। इधर बगिया क्रासिंग पर बीचोबीच फंसा पेट्रोल लदा टैंकर देखकर गैंगमैन कांप गया। दो मिनट के लिए वह सन्न रह गया। तुरंत हरकत में आया और कल्याणपुर स्टेशन अधीक्षक को सूचना दी। आननफानन में ट्रेन रोकी गई। इस तरह एक बड़ा हादसा बच गया। लोगों ने राहत की सांस ली।

शनिवार देर शाम करीब साढ़े सात बजे पनकी से पेट्रोल लदा टैंकर जीटीरोड की ओर आया। टैंकर बगिया क्रॉसिंग पर पहुंचा, तभी क्रासिंग पर गड्ढे में टैंकर का पहिया फंस गया। चालक ने टैंकर को आगे बढ़ाने का प्रयास किया, लेकिन गड्ढे में झटका लगने से टैंकर का एक्सल जाम हो गया। जिससे क्रासिंग के दोनों ओर लंबा जाम लग गया। सूचना पर पीआरवी और कल्याणपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई। जाम खुलवाने और टैंकर हटवाने का काम चल रहा था, इसी बीच अनवरगंज-कागसंगज रूट पर रावतपुर स्टेशन से जयपुर एक्सप्रेस के रवाना होने की सूचना आई। बगिया क्रासिंग के गैंगमैन ने क्रॉसिंग बंद करना चाहा लेकिन बीच में फंसा टैंकर खड़ा था। इधर ट्रेन तब तक गुरुदेव क्रासिंग तक पहुंच चुकी थी। कुछ पल के लिए गैंगमैन कांप गया, मगर खुद को संभालते हुए उसने कल्याणपुर स्टेशन अधीक्षक को सूचना दी। उन्होंने तत्काल ट्रेन के चालक से संपर्क किया। ट्रेन को तत्काल छत्रपति शाहूजी महाराज विवि के पास रोका गया। ट्रेन रुकने पर बगिया क्रासिग पर लोगों ने राहत की सांस ली। इसके बाद पुलिस व राहगीरों की मदद से टैंकर को क्रासिंग से हटाकर किनारे किया गया। जाम खुलवाने के बाद क्रासिंग का गेट बंद हुआ। लगभग 25 मिनट बाद ट्रेन को बिल्हौर की ओर रवाना किया गया। ट्रेन गुजरने के बाद करीब एक घंटे तक बगिया क्रासिंग के पास लोगों में यह चर्चा होती रही।

# स्पेशल ट्रेनें 13-13 घंटे लेट, गर्मी में जूझे यात्री

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- लेटलतीफी के कारण अटक रहे यात्रियों के जरूरी काम
- भीषण गर्मी भरे सफर में चाय और पानी के भी पड़े लाले

**अमृत विचार।** स्पेशल ट्रेनों की 13-13 घंटे लेटलतीफी इस भीषण गर्मी में यात्रियों को बेचैन कर रही है। अनेकों यात्रियों के जरूरी काम अटक रहे हैं। निर्धारित समय से एक दिन बाद यात्री अपने मुकाम पर पहुंच पा रहे हैं। यात्री रेलवे को ट्वीट करके अपनी परेशानियां गिना रहे हैं। शनिवार को 03410 खातीपुरा मालदा टाउन स्पेशल 13 घंटे, 01431 पुणे गोरखपुर स्पेशल पांच घंटे व 03636 आनंद विहार गया स्पेशल छह घंटे लेट है। कुल 11 स्पेशल ट्रेनें देरी से चल रही हैं।

एक सप्ताह से लंबे रूट की अधिकांश ट्रेनें लेटलतीफी के सारे रिकार्ड तोड़ रहीं हैं, जो यात्रियों पर भारी पड़ रहा है। विलंब ट्रेनों के सेंट्रल स्टेशन पर पहुंचने पर यात्री अधिकारियों को अपनी समस्या बताकर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि आउटर से एक किमी पहले ट्रेनें आधा घंटा से अधिक समय तक खड़ी रहती हैं। इस गर्मी में यात्री पीने के पानी के लिए परेशान हो जाते हैं। कोई काम के सिलसिले में सफर कर रहा है तो वह दूसरे दिन पहुंच रहा है।

01144 गोरखपुर सीएसएमटी स्पेशल 13 घंटे से अधिक लेट चल रही है। वहीं 04037 नई दिल्ली शहर रास्ता स्पेशल सात घंटे, 04051 नई दिल्ली दरभंगा स्पेशल 12 घंटे, 09043 मुंबई बरौनी स्पेशल पांच घंटे, 09478 पटना नई दिल्ली स्पेशल 4:45 घंटे, 03483 भागलपुर नई दिल्ली स्पेशल तीन घंटे, 02563 बरौनी नई दिल्ली स्पेशल तीन घंटे और 02575 हैदराबाद गोरखपुर स्पेशल दो घंटे देरी से चल रही है। इन स्पेशल ट्रेनों के अलावा रूटीन की ट्रेनें भी घंटों देरी से चल रही हैं।



यात्रियों का कहना है कि इस गर्मी में बगैर नहाए लोग तीन-चार दिन लगातार सफर कर रहे हैं। उस पर पीने का पानी भी नहीं मिल पा रहा है। सफर करते करते शरीर से दुर्गंध आने लगी है। जरनल कोचों के यात्री परेशान होकर एसी कोचों में चादर बिछाकर सफर कर रहे हैं। यात्रियों का कहना है कि ट्रेनों की लेटलतीफी से खासी परेशानी हो रही है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

NEW STEPPING STONES INTERNATIONAL SCHOOL
PG to XII
Congratulations
TOPPERS CLASS - X (2023-24)
8th Rank in Kanpur District
SAUMYA 96.0%
KAVYA 93.83% | ANANYA 93.16% | DIVYANSHI 93.0% | ANANYA 92.0%

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Anshika Tiwari | 91.16% | Prince Maurya | 88.50% | Abhinav Tiwari | 86.33% |
| Nishtha Sachan | 90.50% | Addhyayan Tiwari | 88.33% | Hargun Tuteja | 86.16 |
| Prachi Gautam | 90.50% | Addhyayan Awasthi | 88.33% | Sneha Vishwakarma | 86.0% |
| Vanshika Vaid | 90.33% | Mansi Gupta | 88.16% | Alankrit Tiwari | 85.83% |
| Devansh Rajput | 90.0% | Ayushi Shukla | 87.83% | Rishikesh Roshen | 85.66% |
| Ashutosh Pandey | 89.16% | Manas Chaurasiya | 87.66% | Ankita Singh | 85.33% |
| Chirag Sukhmani | 89.16% | Deepnam Bhatt | 86.50% | Archita Mishra | 85.0% |
| | | Anchal Sah | 86.33% | | |

TOPPERS CLASS - XII (2023-24)
DAKSH 92.8% | UJJWAL 92.2% | SAMMAN 90.2% | BHAKTI 89.6% | ISHAN 89.0%

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| Mayank Yadav | 88.2% | Lalit Pal | 85.2% | Ayush Sharma | 81.2% |
| Parul Gupta | 88.0% | Aishwarya Awasthi | 85.0% | Kshitij Savita | 81.2% |
| Vineet Gupta | 87.4% | Abhay Chaudhary | 84.8% | Ayush Prajapati | 81.0% |
| Mansi Mishra | 86.8% | Akarsha Pandey | 83.4% | Aastha Trivedi | 81.0% |
| Devansh Dixit | 86.4% | Anshika Gupta | 83.0% | Ritu Pillai | 80.2% |
| Vishishta Agrawal | 85.2% | Vaishanavi Gupta | 81.4% | Hardik Nigam | 80.2% |

ADMISSION OPEN PG TO CLASS XII (SCIENCE & COMMERCE)
RATANLAL NAGAR, FACING PETROL PUMP, KANPUR | 9839034675

MOUNT CARMEL SCHOOL
Estd. 1978
SHARDA NAGAR, KANPUR | 0512-2580981, 9569600917
mcsknp@gmail.com | www.mcsknp.org.in
Congratulations to Students, Parents & Teachers for their achievement
46 Years of Excellence!
HIGH SCHOOL TOPPERS - 2023-24
VIDIT KUMAR, MOHD. AYAN, ASTHA VERMA, MOHD. MUBASSHIR, VARDA SYED, AMAN KAPOOR, NEELESH PANDEY
INTERMEDIATE TOPPERS - 2023-24
ROHIT KASHYAP, RAVIANSH KATIYAR, MUDIT YADAV, ANUSHKA SINGH, RIDDHI SHARMA, KHUSHI NISHAD, SUNIDHI SINGH, PARAS, DIVYANSHU DUBEY, DIVYANSHI SINGH CHANDEL, PIYUSH GUPTA
OUR PRE-SECTION PRINCE & PRINCESS WING
ADMISSIONS OPEN Session 2024-25
PG to UKG | Class I to IX & XI (Science & Commerce)
100% RESULT
SANJAY SINGH (Manager) MEENAKSHI SINGH (Principal)

# बाइक सवार लुटेरों ने रिटायर्ड शिक्षिका की लूटी चेन

## छीना-झपटी में गिरकर चुटहिल हुईं वृद्धा, लुटेरे सीसीटीवी में कैद, डीजीपी ने मामला लिया संज्ञान, कमिश्नर से ली घटना की जानकारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रावतपुर थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह मॉर्निंग वॉक पर गई रिटायर्ड शिक्षिका की बाइक सवार लुटेरे चेन छीन कर फरार हो गए। छीना-झपटी के दौरान बुजुर्ग शिक्षिका गिर कर घायल हो गईं। एक प्रतिष्ठित चैनल में पत्रकार की मां के साथ हुई घटना की जानकारी पर डीजीपी ने पुलिस कमिश्नर ने घटना की जानकारी लेकर हफ्ते भर में खुलासे के निर्देश दिए। इसके बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।

रावतपुर के राणा प्रताप नगर निवासी दवा कारोबारी ऋतिविक मणि त्रिपाठी ने बताया कि उनकी मां सुषमा त्रिपाठी (65) जुहारी देवी गर्ल्स कॉलेज से रिटायर्ड शिक्षिका व कवियत्री हैं। रोजाना की तरह शनिवार सुबह करीब साढ़े छह बजे मां मार्निंग वॉक को निकली थीं। वह एकेजी स्टोर के पास पहुंची ही थीं, तभी काले रंग की बाइक सवार दो लोग आगे निकल गए। इसके बाद वह वापस मुड़ कर आए और उनकी डेढ़ तोले की सोने की चेन छीन कर धक्का देकर फरार हो गए।



रावतपुर में चेन लूट के बाद पुलिस ने घटनास्थल पर छानबीन की। अमृत विचार



कैमरे में कैद बाइक सवार लुटेरे।

● सुबह टहलने के दौरान रावतपुर में लुटेरों ने घटना को दिया अंजाम



सुषमा त्रिपाठी।

### लूट की घटना को लेकर प्रदेश सरकार पर हमलावर हुई सपा

घटना को लेकर सपा ने एक्स पर लिखा की भाजपा सरकार में लूट, डकैती, चोरी जैसी अपराधिक वारदातें हो रही हैं, लेकिन मीडियाकर्मी और भाजपा के दानों पर पलने वाले पत्तलकार भाजपा सरकार की चापलूसी और निज स्वार्थसिद्धी के कारण योगीराज में व्याप्त जंगलराज की घटनाओं को नहीं दिखाते। जबकि वे खुद और उनके परिजन भी कभी न कभी इसके शिकार हो जाते हैं। ऐसे पत्तलकार और भाजपा समर्थक ये याद रखें कि जंगलराज इसी को कहा गया है। जहां कोई अपना पराया नहीं है, वारदात होगी तो सबके साथ होगी और ये पूर्ण रूप से योगी सरकार का कानून व्यवस्था पर फेल्योर है, जिसे स्वीकारना ही पड़ेगा।

इस दौरान सुषमा गिर पड़ीं, जिससे उनके सिर में चोट लग गई। उन्होंने घर पहुंच कर मामले की जानकारी परिजनों को दी।

ऋतिविक ने मां को सर्वोदय नगर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती करा कर जानकारी लखनऊ में एक प्रतिष्ठित चैनल में कार्यरत बड़े भाई को दी। पत्रकार ने मामले की जानकारी डीजीपी प्रशांत कुमार को दी। डीजीपी ने पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार को एक सप्ताह में घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए। जिसके बाद डीसीपी पश्चिम विजय ढुल, एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय मौके पर पहुंचे और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। जिसमें काली पल्सर सवार दो लुटेरे कैद हो गए, जिसमें एक ने हेलमेट और दूसरे ने गमछे से अपना चेहरा ढक रखा था। एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय ने बताया कि रावतपुर थाने में लूट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश के लिए टीमें गठित कर दी गई हैं, जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# युवक को पीटकर किया जख्मी, सोने की माला लूटी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● पीड़ित ने तीन लोगों पर रावतपुर थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** पुरानी रंजिश में मार्केटिंग कर्मचारी को घर से बुला कर युवकों ईंट पत्थर से हमला कर दिया। पीड़ित ने मारपीट के दौरान सोने की माला व मोबाइल लूटने का आरोप लगाया। पीड़ित ने रावतपुर थाने में आरोपियों के खिलाफ लूट, मारपीट व जान से मारने की धमकी की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई।

रावतपुर गांव, आनंद नगर निवासी नितेश शुक्ला एक टॉयलेट क्लीनर कंपनी में मार्केटिंग का काम करते है। उन्होंने ने बताया कि क्षेत्र के ही कन्हैया पासवान से उनका पुराना विवाद है, जिस पर कन्हैया उनसे रंजिश रखता है। बताया कि बीते 25 अप्रैल को वह इटावा से घर आए थे। रात करीब साढ़े आठ बजे वह घर पर थे, तभी कन्हैया ने ऋषभ कठेरिया से फोन से उन्हें बाहर बुलाया और एक अन्य साथी के साथ मिलकर उन पर ईंट पत्थरों से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान आरोपी उनका मोबाइल व सोने की माला छीन कर फरार हो गए। पीड़ित ने रावतपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### युवक के 10 हजार पार

**कानपुर।** मंगला विहार निवासी किराना दुकानदार कमलेश साहू ने बताया कि शनिवार दोपहर वह अहिरवां में एक युवक को 10 हजार रुपये देने के लिए निकले थे। वह रामादेवी चौराहे से अहिरवां जाने के लिए ई रिक्शे पर बैठे। तभी उनके बगल में एक युवक भी आकर बैठ गया। रास्ते में आरोपी ने उनकी पैंट की जेब काट कर 10 हजार रुपये पार कर दिए। चकेरी थाना प्रभारी अशोक दुबे ने बताया कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

# फर्जी ई-मेल आईडी से चयन, वेतन भी पास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● जिले के दो बालिका विद्यालयों में पढ़ा रहे थे दो शिक्षक
● शिक्षा विभाग की जांच शुरू प्रबंधकों से मांगे गए साक्ष्य

**अमृत विचार।** एक फर्जी ई-मेल पर शिक्षा विभाग में शिक्षकों के चयन का मामला सामने आया है। फिलहाल विभाग की ओर से ऐसे दो शिक्षकों को जद में लिया है जिनका उस आईडी के जरिए माध्यमिक बालिका विद्यालयों में चयन हुआ। खास बात यह है कि फर्जी ई-मेल आईडी के जरिए चयनित होने वाले शिक्षक वेतन भी हासिल कर रहे थे। खुलासा होने के बाद अब शिक्षा विभाग की ओर से पूरे मामले की जांच की जा रही है। अधिकारियों का मानना है कि जांच में दोषी आरोपियों के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी।

पूरा मामला वर्ष 2023 अक्टूबर से शुरू हुआ। शिक्षा विभाग में जांच के दौरान पाया गया कि 20 अक्टूबर 2023 को एडी चयन आयोग का एक पत्र एडी माध्यमिक की ई-मेल आईडी से जिले के शिक्षा विभाग को आया। उस पत्र में पैनल में शामिल शिक्षकों के नाम दिए गए थे। बड़े अधिकारियों का आदेश मानकर उस वक्त डीआईओएस-दो की ओर से दो शिक्षकों को चयन पत्र जारी कर दिया गया। दोनो ही शिक्षकों की आर्य कन्य इंटर कॉलेज और मदन मोहन अग्रवाल बालिका इंटर कॉलेज में नियुक्त हुई। नवंबर महीने में नियुक्ति होन के बाद दोनो ही स्कूलों के शिक्षकों को वेतन भी जारी किया जाने लगा। शिक्षा विभाग की ओर से कुछ दिन पूर्व रूटीन जांच के दौरान यह प्रकरण सामने आए। शिक्षा विभाग के अधिकारी अब यह मान रहे हैं कि यह मामला विस्तृत भी हो सकता है। इसलिए पूरे प्रकरण की बारीकी से जांच की जा रही है। मामले पर जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि जांच के दौरान यह प्रकरण सामने आया है। मामले पर कॉलेज के प्रबंधकों से भी अभिलेख मंगाए जाने का आदेश दिया गया है। फर्जी ई-मेल आईडी को भी जांच के दायरे में है।

### '06' लगाकर बनाई फर्जी मेल आईडी

शिक्षा अधिकारियों ने जांच के दौरान पाया कि चयन बोर्ड का वह पत्र जो एडी माध्यमिक की ई-मेल से अग्रसारित किया गया था, उस फर्जी आईडी में सिर्फ 06 जोड़ा गया था। पूरी ई-मेल आईडी हूबहू होने की वजह से अधिकारियों की ओर से उसकी जांच नहीं की गई। आईडी के जरिए दिए गए आदेश के अनुसार पूरी प्रक्रिया का पालन कर दिया गया।

### पैनल में शामिल सभी शिक्षक भी फर्जी निकले

फर्जी ई-मेल आईडी के जरिए जो पत्र शिक्षा विभाग में आया, उस पत्र में 9 शिक्षकों का पैनल दिया गया था। इनमें दो शिक्षकों को भी जद में लाया गया है। बाकी शिक्षक कहां हैं? इसकी जांच की जा रही है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का मानना है कि फर्जी ई-मेल आईडी के जरिए आए पत्र में पैनल में दिए गए नाम भी ज्यादातर फर्जी ही है।

## एक नजर

### बेटी को बहलाकर ले जाने में रिपोर्ट दर्ज, जांच शुरू

**कानपुर।** हरदोई निवासिनी महिला ने बेटी को बहला-फुसला कर ले जाने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ काकादेव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के मुताबिक उसकी 30 वर्षीय बेटी गीता नगर में रहकर काकादेव में कोचिंग कर रही थी। जिसे हरदोई निवासी जितेंद्र, उसका बहनोई राजेश व उसका भाई विश्राम बहला फुसलाकर ले गये। पीड़िता के मुताबिक बेटी के म्यूचुअल फंड खाते में करीब 22 लाख रुपये भी जमा हैं। आरोपियों से पूछताछ की तो उन्हें धमकाया। थाना प्रभारी केपी गौड़ ने बताया रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

### शराब के लिए रुपये न देने पर युवक को पीटा

**कानपुर।** रेलबाजार में शराब के लिए रुपये न देने पर आरोपियों ने युवक की पिटाई कर पत्थरों से हमला कर दिया। पीड़ित ने रेलबाजार थाने में मामले की शिकायत की है। फेथफुलगंज निवासी साहिल ने बताया कि शुक्रवार की रात को वह घर की तरफ जा रहे थे। तभी इलाके का एक युवक अपने साथी के साथ नशे में धुत मिला। आरोप है कि उसने रोक कर शराब के लिए पैसे मांगे, विरोध करने पर उसकी जमकर पिटाई कर दी। साथ ही ईंट पत्थर से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने रेलबाजार थाने में मामले की शिकायत की।

### कूड़े की चिंगारी से लगी आग

**कानपुर।** कृष्णा नगर में रेलवे लाइन के किनारे कूड़े की चिंगारी से झाड़ियों में आग लग गई। दमकल की तीन गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। कृष्णा नगर में रेलवे लाइन के किनारे अक्सर लोग कूड़ा जला देते हैं। शनिवार दोपहर को कूड़े के ढेर में लगी आग की चिंगारी झाड़ियों में लग गई, जिसके बाद आग की ऊंची-ऊंची लपटें निकलने लगी। झाड़ियों में आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। क्षेत्रीय लोगों ने दमकल को सूचना दी। मौके पर तीन दमकल की गाड़ियों ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

# फंदे पर लटका मिला युवक, हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● घर से तीन सौ मीटर की दूरी पर खाली पड़े कमरे में मिला शव
● कैलाश नगर के साथियों पर साथ ले जाने का आरोप

**अमृत विचार।** अर्मापुर स्टेट निवासी ओईएफ कर्मी के बेटे की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस को उसका शव घर से तीन सौ मीटर की दूरी पर कैंपस के खाली पड़े क्वार्टर में फंदे से लटकता मिला। मृतक के परिजनों ने दो साथियों पर हत्या का आरोप लगाया। अर्मापुर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मूलरूप से शाहजहांपुर तिलहर निवासी जयशंकर प्रजापति ओईएफ में दरबान के पद पर कार्यरत हैं। जयशंकर पत्नी रेनू दो बेटे अभिषेक (18), दीपक व तीन बेटियों अंजलि, स्वाती व सीमा के साथ अर्मापुर इस्टेट में बने सरकारी क्वार्टर में रहते हैं। जयशंकर ने बताया कि कुछ समय से वह निलंबित चल रहे है। बेटा अभिषेक दादा नगर स्थित जीएस इंजीनियरिंग कंपनी में काम करता था। बताया कि पिछले तीन दिनों से वह घर नहीं आ रहा था।



घटना के बारे में जानकारी देते परिवार के लोग। अमृत विचार

आरोप लगाया कि कैलाश नगर निवासी दो दोस्तों ने उसे अगवा कर पीटा था, क्योंकि उनमें से एक युवक का फोन उसने गलती से तोड़ दिया था। हालांकि फैक्ट्री मालिक ने आरोपी को फोन के लिए 16 हजार रुपये दे दिए थे। जिसके बावजूद आरोपी उसे प्रताड़ित कर रहे थे। शुक्रवार को बेटे के घर न आने पर वह खोजबीन को निकले, जिस पर वह कैलाश नगर में मिला। आरोप लगाया कि शाम को वह घर के बाहर टहल रहा था। इसी दौरान कैलाश नगर निवासी दो युवक आए और उसे बाइक पर बैठा कर ले गये।

इसके बाद शनिवार को उसका शव घर से तीन सौ मीटर की दूरी पर खाली पड़े क्वार्टर में मिला। बताया कि शव खिड़की पर गमछे के सहारे फंदे से लटका हुआ था। सूचना पर मौके पर पहुंची अर्मापुर पुलिस ने फोरेंसिक टीम बुलाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना प्रभारी राममूरत पटेल ने बताया प्रथम दृष्टया युवक के आत्महत्या करने की आशंका है। शरीर पर चोट के निशान नहीं है। जानकारी मिली है कि वह नशे का लती था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# मामूली बात पर मारपीट, हंगामा

**कानपुर।** कश्यप नगर निवासी कन्हैया एक महिला के साथ कल्याणपुर सीएससी में ओपीडी में दिखाने के लिए गया था। इस दौरान कन्हैया का विवाद सीएससी में कार्यरत कर्मचारी नफीस से हो गया। इस दौरान कन्हैया व नफीस के बीच मारपीट शुरू हो गई, जिसमें नफीस के सिर में चोट आ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस दोनो पक्षों को शांत करा कर चौकी ले आई। चौकी में महिला ने आरोप लगाया कि सीएससी कर्मचारी ने साथियों के साथ मिल कर कन्हैया के साथ मारपीट की। बताया की बीच बचाव के दौरान आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। पनकी रोड चौकी इंचार्ज ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



शिविर में पंजीकरण करते लोग। अमृत विचार

# शिविर में 210 लोगों ने सेहत की जांच कराई

**कानपुर।** पनकी हनुमान मंदिर में शनिवार को जेएल रोहतगी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने निशुल्क स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में डॉ.शिवानी, डॉ.अरुण, डॉ.प्रीति व डॉ.पांडेय से 210 लोगों ने अपनी सेहत की जांच कराई। पनकी मंदिर के महंत कृष्ण दास जी ने बताया कि सभी लोगों को अपने शरीर का ख्याल रखना चाहिए। मार्केटिंग मैनेजर मनोज कुमार शुक्ला ने बताया कि लोगों की जांच के लिए समय-समय पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में नाक, कान, गला, नेत्र, खांसी, आदि बीमारी के मरीज रहे, जिनको टीम द्वारा दवा वितरण की गई।

# सॉरी पापा ! बहुत दिल दुखाया है...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● सुसाइड नोट लिखकर शिक्षिका ने की आत्महत्या
● हनुमंत विहार पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भिजवाया

**अमृत विचार।** पापा हम किसी लायक नहीं हैं, बहुत दिल दुखाया है आपका, सॉरी पापा... शुक्रवार रात खाड़ेपुर कॉलोनी निवासी निजी विद्यालय की शिक्षिका ने यह सुसाइड नोट लिख कर दुपट्टे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। हनुमंत विहार पुलिस ने जांच-पड़ताल कर सुसाइड नोट बरामद किया।

खाड़ेपुर कॉलोनी निवासी मनोज दीक्षित रंगाई-पुताई के ठेकेदार हैं। मनोज ने बताया कि करीब चार साल पहले पत्नी की मौत के बाद व बेटी श्रुति (22) व बेटे अर्पित के साथ रहते थे। श्रुति ग्रेजुएशन करने के बाद एक निजी स्कूल में शिक्षिका के रूप में कार्यरत थी। मनोज के मुताबिक शुक्रवार शाम वह काम पर गए हुए थे, जबकि बेटा भी घर पर मौजूद नहीं था। तभी श्रुति ने दुपट्टे का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। रात में लौटने पर काफी देर तक दरवाजा न खुलने पर कुंडा तोड़ कर घर में घुसे तो देखा कि बेटी का शव फंदे से लटक रहा था।

हनुमंत विहार पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके से सुसाइड नोट बरामद किया। थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। सुसाइड नोट बरामद कर आत्महत्या के कारण पता करने का प्रयास किया जा रहा है।

### रिटायर्ड फौजी ने फांसी लगाकर दी जान

**कानपुर।** घरेलू विवाद से तंग आकर शनिवार सुबह रिटायर्ड फौजी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कल्याणपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया। मूलरूप से मैनपुरी, किशनी के शितल गांव निवासी रिटायर्ड फौजी देवेंद्र सिंह (45) पत्नी व बच्चों के साथ कल्याणपुर खुर्द में रहते थे। बेटे अभिषेक ने बताया कि पिता हैलट में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में तैनात थे। शनिवार सुबह माता-पिता का आपस में विवाद हो गया था, जिसके बाद उन्होंने खुद को कमरे में बंद कर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों ने मामले की जानकारी कल्याणपुर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम भिजवाया।

## सार-संक्षेप



जानकारी देते डॉ. रामजी मेहरोत्रा, डॉ.श्रीपद व अन्य। अमृत विचार

### मरियम अस्पताल में शुरू हुई कॉर्डियोवैस्कुलर ओपीडी

**कानपुर।** लाजपत नगर स्थित मरियम अस्पताल और दिल्ली के बीएलके-मैक्स हॉस्पिटल के बीच एक साझेदारी हुई। यहां पर हृदय रोगियों का इलाज और सर्जरी की जा सकेगी, जिसके लिए कार्डियोवैस्कुलर ओपीडी की शुरूआत की गई है। ओपीडी में बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशियल्टी हॉस्पिटल के वाइस चेयरमैन डॉ. रामजी मेहरोत्रा हर माह के चौथे शनिवार को ओपीडी में सेवा देंगे। डॉ.रामजी मेहरोत्रा ने कहा कि ओपीडी सेवा शुरू करने का उद्देश्य सर्वोत्तम हृदय का इलाज प्रदान करना है। कानपुर क्षेत्र की चिकित्सा सुविधाओं के साथ मिलकर पेशेंट सेंट्रिक एप्रोच से मरीजों को एस्वांस्ड हेल्थकेयर उपलब्ध कराना है। यहां पर बायपास में धमनी ग्राफटिंग, मिनिमल इनसिशन सर्जरी, रोबोट एसिस्टेड सर्जरी, वाल्व रिपेयर्स व रिप्लेसमेंट, एंडोवास्कूकर सर्जरी व कंजेनाइटल हार्ट सरेग्री की सुविधा मिलेगी, जिससे मरीज को जल्द आराम और गुणवत्ता सुधार होगा। ओपीडी की शुरुआत से कानपुर समेत आसपास के दिल के रोगियों को सर्वोत्तम श्रेणी की सेवाएं मिलेंगी। केयर पार्टनर्स हार्ट सेंटर व इंटरवेंशन कार्डियोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. श्रीपद ने कहा कि मरीजों में दिल के मुद्दों से संबंधित प्रासंगिक जानकारी और सर्वोत्तम इलाज प्रदान कराने का प्रयास किया जाएगा।



कार्यक्रम में मौजूद जयपुरिया समूह के अध्यक्ष शिशिर जयपुरिया। अमृत विचार

# नौ मिनट की फिल्म में स्कूल का इतिहास

● सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में स्वर्ण जयंती समारोह

**कानपुर।** सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में शनिवार को स्वर्ण जयंती समारोह मनाया गया। इस दौरान नौ मिनट की फिल्म दिखाई गई। इसमें संस्थान का संपूर्ण इतिहास संजोकर रखा गया था। समारोह के दौरान पुराने साथियों से मिल लोग भावुक हुए। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए माहौली में उत्साह भरा गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने की। जयपुरिया शिक्षण समूह संस्थान के अध्यक्ष शिशिर जयपुरिया, प्रिंसपल शिखा बैनर्जी भी मौजूद रहे। विस अध्यक्ष सतीश महाना ने शिक्षण संस्थानों की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कहा कि शिक्षण संस्थान भावी पीढ़ी को तैयार करते हैं, यही वजह है कि स्कूलों को बच्चों का दूसरा घर कहा जाता है। कार्यक्रम में स्कूल बैंड की सुंदर प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। इस दौरान प्रदर्शनी देख सभी उत्साहित हुए। कार्यक्रम में जयपुरिया लोगो के डाक टिकट को भी जारी किया गया। समारोह के दौरान संदीप महेंद्रा प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## खेल-खिलाड़ी

### कास्को रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दिन प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

# खिताबी जीत के लिए पसीना बहा रहे खिलाड़ी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से आयोजित लखनपुर के रागेंद्र स्वरूप स्पोर्ट्स अकादमी में तीन दिनी कास्को रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दिन शनिवार को प्रतिभागी आरल, शान्विका, सिद्धि, उत्प्रेक्षा, आर्ना रिद्धिमा, संयुक्ता, अनुग्रह, रुद्र, देवांश यश, नमन, विहान, देव, तनुष ने अपने आयु वर्ग में जीत हासिल की है। अब खिताब के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अंडर-11, 15 व 19 वर्ग के खिलाड़ी एकल व युगल वर्ग अपनी जीत के लिए पसीना बहा रहे हैं।

अंडर-11 एकल बालक वर्ग में यीशु भाटिया ने रियान सिंह परमार को 30-17 से, एस तनुष रेड्डी ने रोशांक भाटिया को 30-15 से पराजित किया। अंडर-11 एकल बालिका वर्ग में शिवानी शिवहरे ने इशिता तिवारी को 30-11 से, उत्प्रेक्षा श्रीवास्तव ने समीरा गुप्ता को 30-07 से व अरुणा द्विवेदी ने पूर्वी सोमानी को 30-07 से पराजित किया।



### अंडर-15 युगल बालक

रजत भाटिया व रुद्र लूथरा ने अहमद खान व वैभव त्रिपाठी को 30-24 से, देव भाटिया व हर्ष शुक्ला ने आदित्य सिंह व चित्रांग सिंह को 30-04 से पराजित किया है।

### अंडर-19 युगल बालक

अनुपम शुक्ला व नमन यादव ने कार्तिक व ऋतिक को 30-23 से, अनुग्रह गुप्ता व यश सिंह ने आरोप व वशिष्ठ को 30-08 से, अनुपम शुक्ला व नमन यादव ने देवांश यादव व शशांक शेखर को 30-25 से, आर्यन सिंह व मोहम्मद यूसुफ ने आरुष व प्रखर को 30-14 से, हन्नान अली व तुषार गोयल ने अवि सिंह व प्रवीण को 30-22 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है।

अंडर-15 एकल बालक वर्ग में यश कुमार सिंह ने समर्थ को 30-21 से, अनिरुद्ध ने विशेष कुमार को 30-07 से, कार्तिक शुक्ल ने प्रथम वाजपेई को 30-11 से, देव भाटिया ने कुशाग्र सिंह को 30-11 से, निर्मित भाटिया ने नितिन श्याम को 30-17 से, ऋषि राज तिवारी ने रामजी दुबे को 30-14 से पराजित कर अगले राउंड में प्रवेश किया है।

अंडर-15 एकल बालिका वर्ग में आरल द्विवेदी ने आदित्री कटियार को 30-08 से, महक गौतम ने अर्जिता शर्मा को 30-23 से, सिद्धि झा ने मुजैना को 30-23 से, सांविका गुप्ता ने इशिका सिंह को 30-07 से पराजित किया। अंडर-19 एकल बालक वर्ग में अनुग्रह गुप्ता ने अयान गर्ग को 30-20 से, मोहम्मद यूसुफ ने अयान सिंह को 30-13 से, तुषार गोयल ने अनुपम शुक्ला को 30-24 से, प्रखर मौर्य ने दिव्यांशु सोनकर को 30-21 से पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर


रसूलाबाद में पूर्व सीएम के रोड शो में उमड़ी भीड़।


रोड शो करते पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव। अमृत विचार

○ सपा सरकार में बनी हवाई पट्टी पर उतरा पूर्व सीएम का हेलीकॉप्टर ○ रोड शो कर अखिलेश यादव ने भाजपा पर कसे तंज

# 'भाजपा सरकार ने वेयर हाउस में रखे अपने पोषित माफिया'

संवाददाता, शिवली

**अमृत विचार।** भाजपा सरकार ने माफियाओं के लिए एक वेयर हाउस बनवाया है। उसी में सभी पोषित माफिया रखे जा रहे हैं। बीजेपी सरकार में जितने भी पेपर हुए, सभी पेपर लीक हुए हैं। एक भी साफ भर्ती नहीं हो पाई है। ये बातें कन्नौज से प्रत्याशी एवं सपा मुखिया अखिलेश यादव ने रोड शो के दौरान कहीं।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र में एसा ऐतिहासिक कार्यक्रम कभी नहीं हुआ। कहा कि मोदी सरकार ने जो 2014 में जो वादे किए थे, वह सब जुमले बनकर रह गए हैं। किसानों की आय दोगुनी, नौजवानों को हर साल दो करोड़ नौकरी देने का वादा झूठ साबित हुआ। उन्होंने कहा था महंगाई कम होगी, यह सब उनका जुमला निकला। महंगाई और बढ़ गई है। पूर्व सीएम ने कहा कि दस भर्ती परीक्षाएं निरस्त हुईं। नौजवानों का एक तिहाई जीवन चला गया। सपा मुखिया ने कन्नौज जिले के उमर्दा में जनसभा को भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा की यह डबल इंजन की सरकार आम लोगों को रोजगार तक नहीं दे पाई। ये वही लोग हैं जिन्होंने पहले जुमला दिया और अब दे रहे हैं गारंटी की घंटी। जनता इन संविधान बदलने वालों को समझ चुकी है। इस बार जनता इन्हें ही बदल देगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने का हेलीकॉप्टर मरहमताबाद स्थित हवाई पट्टी पर उतरा था। इसके बाद वे रोड शो के लिए गए थे। हेलीकॉप्टर उतरते समय बहुत से सारस उड़े तो उन्होंने प्रदेश सरकार पर तंज कसा और कहा कि इससे लगता है कि हवाई पट्टी प्रदेश के राजकीय पक्षी का केंद्र है। इस पर हवाई जहाज उतरते हों चाहे न उतरते हों, लेकिन सारस और चिड़िया खूब आते हैं। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने उनके कार्यकाल के कामों को बंद कर दिया है। सपा कार्यकाल में हवाई पट्टी बनी थी। तभी से बदहाल पड़ी है। एक बार शुरुआत में प्लेन उतार कर टेस्टिंग की गई थी। उसके बाद से भाजपा ने हवाई पट्टी पर कोई काम नहीं किया हैं। हवाई पट्टी के आसपास के गांव के लोगों को जलभराव की समस्या है। बीजेपी ने उसको भी दूर नहीं किया है। उनका काफिला

मरहमताबाद हवाई अड्डा से होते हुए रसूलाबाद क्षेत्र के कहिंजरी गांव पहुंचा। जहां जिला पंचायत सदस्य मटल्लू यादव व अब्बास खान ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इसके बाद काफिला आगे बढ़ते हुए अंगदपुर में शिवसिंह यादव ने कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। वहां से पहाड़ीपुर से होते हुए रसूलाबाद आते ही विकास नगर स्थित आंबेडकर पार्क मे अतहर खां भुट्टो ने कार्यकर्ताओं के साथ जोरदार स्वागत किया। यहां पूर्व सीएम ने डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके बाद केशव नगर में कुलदीप यादव, झींझक तिराहा पर इंडिया गठबंधन के सपा लोहिया वाहिनी अध्यक्ष वीरू कुशवाहा, कांग्रेस जिला सचिव आशुतोष पाठक उर्फ सलोनी, आनंद बाबू द्विवेदी, तिरान सिंह, जितेंद्र सिंह, विजय गुप्ता ने स्वागत किया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि रसूलाबाद विधानसभा क्षेत्र में ऐसा ऐतिहासिक कार्यक्रम कभी नहीं हुआ। इसके बाद रसूलाबाद चौराहा पर हाजी फैजान खान, सोहेल व पुष्पेंद्र यादव ने स्वागत किया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री शिव कुमार बेरिया, कल्लू यादव, प्रमोद यादव, नीरज सिंह गौर उपस्थित रहे।



### रोड शो की वजह से डायवर्ट किए गए वाहन

■ **शिवली।** शनिवार को मरहमताबाद से पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के रोड शो के शुरू होने के बाद पुलिस ने शिवली, रसूलाबाद मार्ग पर भेवान से वाहनों को रसूलाबाद की ओर न भेज कर औनहां से असलतगंज होते हुए रसूलाबाद भेजा। रोड शो में वाहनों का लंबा काफिला व भारी भीड़ होने के चलते सड़क यातायात करीब दो घंटे तक प्रभावित रहा।

# शाह बनाएंगे रणनीति पीएम मोदी भरेंगे हुंकार


क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने होटल पहुंचकर तैयारियां देखीं। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आज शाम 5:30 बजे कानपुर पहुंचेंगे अमित शाह
- मई के पहले सप्ताह में आएंगे पीएम नरेंद्र मोदी

**अमृत विचार।** कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र की सभी लोकसभा सीटों पर अपना कब्जा बरकरार रखने के लिए भाजपा हर संभव कोशिशों में जुटी है। कानपुर नगर और अकबरपुर सीट पर खास नजर है। इन सभी सीटों पर एक बार फिर भगवा परचम लहराने के लिए भाजपा का शीर्ष नेतृत्व मैदान पर उतरने को तैयार है। रविवार को गृहमंत्री अमित शाह यहां आकर पुख्ता रणनीति तैयार करेंगे तो वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मई के पहले सप्ताह में यहां रोड शो कर सकते हैं। रोड शो और जनसभा के जरिए हुंकार भरेंगे।

गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम को लेकर शनिवार को क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, क्षेत्र प्रभारी एवं प्रदेश के महामंत्री अनूप गुप्ता और प्रदेश चुनाव के सह प्रभारी संजीव चौरसिया ने विजय विला होटल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह कानपुर-बुंदेलखंड, अवध और बृज क्षेत्र की 13 लोकसभा सीटों के लोकसभा प्रभारी, संयोजक, जिलाध्यक्ष, जिला महामंत्री की बैठक लेंगे। क्षेत्र के सह मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी ने बताया कि रविवार की बैठक में लोकसभा चुनाव के सह संजीव चौरसिया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र चौधरी, महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता, संजय राय, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, अवध क्षेत्र के अध्यक्ष कमलेश मिश्रा शामिल होंगे। तैयारी बैठक में क्षेत्रीय मंत्री सुनील तिवारी, जिलाध्यक्ष दीपू पांडे, शिवराम सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील बजाज, मोहित पाण्डेय मौजूद रहे।


महिला सम्मेलन में पहुंचीं विदेश एवं संस्कृति राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी, साथ में महापौर प्रमिला पांडेय। अमृत विचार

# कन्नौज सीट पर भाजपा की जीत पक्की: मीनाक्षी लेखी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- महिला सम्मेलन में पहुंचीं विदेश एवं संस्कृति राज्यमंत्री मीनाक्षी लेखी
- मंगलसूत्र पर पलटवार कर प्रियंका गांधी और केजरीवाल को घेरा

**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मंगलसूत्र पर दिये गये भाषण पर पक्ष-विपक्ष में जुबानी जंग जारी है। शनिवार को कानपुर सीट पर भी मंगलसूत्र की एंट्री हो गई है। भाजपा के महिला सम्मेलन में शहर पहुंची विदेश एवं संस्कृति राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने प्रियंका गांधी को घेरा है। मीनाक्षी लेखी ने कहा कि प्रियंका जी आपके मंगलसूत्र का क्या हाल है, ज़रा यह बता दीजिये। उस मंगलसूत्र ने कितने किसानों कि पत्नियों के मंगलसूत्र उतरवाए, यह भी बताइए।

साकेत नगर स्थित मंदाकिनी होटल में भाजपा महिला मोर्चा द्वारा आयोजित महिला सम्मेलन में मंत्री मीनाक्षी लेखी दोपहर एक बजे पहुंचीं। उन्होंने इस दौरान दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को भी घेरा। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हमारे सांसद सुनीता केजरीवाल से पूछेंगे कि जेल में बैठे अरविंद केजरीवाल ने अपने भ्रष्टाचार और दारू घोटाले से भी माता-बहनों के मंगलसूत्र उतरवाए हैं। मीनाक्षी लेखी ने राहुल, प्रियंका और अखिलेश के यूपी से लड़ने पर कहा कि इनके लड़ने का मतलब जीतना नहीं होता, हम बताएंगे कि चुनाव में कैसे जीता जाता है।

मीनाक्षी ने कहा कि अखिलेश यादव का कन्नौज से सूपड़ा साफ हो जाएगा, वह बड़े अंतर से हारेंगे। मीनाक्षी लेखी ने कहा कि मैं कानपुर कई बार आ चुकी हूं। 2014 से पहले जब मैं आई तो कानपुर में सड़कों पर गड्ढे होते थे, कूड़ा फैला होता था। रेलवे स्टेशन पर गंदगी होती थी, लेकिन 10 वर्षों में कानपुर में बहुत विकास हुआ है। आज भारत में निर्मित वंदे भारत ट्रेन में चलने पर प्लेन का एहसास होता है।

महापौर प्रमिला पांडेय ,विधायक नीलिमा कटियार, स्वप्निल वरुण, महेश त्रिवेदी, भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी, महिला मोर्चा दक्षिण जिलाध्यक्ष अनीता त्रिपाठी, जयंती वर्मा, शास्त्री, रंजना शुक्ला, विजया तिवारी,पूनम कपूर, सरोज सिंह, डॉ. प्रियम अवस्थी, पुष्पा तिवारी, सुषमा चौहान, विधायक महेश त्रिवेदी, राम शरण कटियार, रमाकांत त्रिपाठी, मनीष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

### कानपुर का व्यापारी बहुत ही हुनरमंद

■ कानपुर का व्यापारी बहुत हुनरमंद है। इसीलिए इस देश को सोने की चिड़िया कहा जाता था। यह बातें मंत्री मीनाक्षी लेखी ने कहीं। शनिवार को सिविल लाइन के मर्चेंट चेंबर हाल में व्यापारी सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस दौरान सह चुनाव प्रभारी संजीव चौरसिया व सांसद संजय सेठ ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। भाजपा प्रत्याशी रमेश अवस्थी, देवेश रस्तोगी, मुकुंद मिश्रा, विनोद गुप्ता,राकेश सिंह ने 51 किलो की माला पहनाकर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी का स्वागत किया। प्रमुखता से एमएलसी सलिल बिश्नोई, अरुण पाठक, सुरेश अवस्थी, राकेश सिंह, मणिकांत जैन, प्रवीण गुप्ता, बलराम नरूला, प्रकाश वीर आर्य, मोनू पांडे आदि रहे।

### अखिलेश को खुद पर भरोसा नहीं: योगेंद्र

■ उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने अखिलेश यादव को खुद अपने आप पर भरोसा नहीं है, वे अपनी खुद की सीट हारने जा रहे हैं। बीजेपी प्रदेश में सभी 80 सीट पर चुनाव जीत रही है। यदि राहुल व प्रियंका भी चुनाव लड़ते हैं तो वे भी अपनी सीट बचा नहीं पाएंगे। ये बातें उन्होंने किदवई नगर में पत्रकारों से कही। कहा कि बीजेपी इस बार पूरे देश से चार सौ सीट जीतने जा रही है। कम मतदान प्रतिशत पर उन्होंने कहा कि बीजेपी का पूरा वोटर वोट डालने निकल रहा है। जो पार्टियां हार रहीं है उनके वोटर हताश होकर वोट डालने नहीं निकल रहे हैं।


भाजयुमो के युवा सम्मेलन में प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले ने जोश भरा। अमृत विचार

### बाबा साहब के सपनों को साकार कर रही भाजपा: भोले

**कानपुर।** अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र के रामादेवी जगदंबा गेस्ट हाउस व माती के ईको पार्क में भाजपा युवा मोर्चा का व्रहद कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री लक्ष्मी गौतम ने कहा कि संविधान रचयिता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव आंबेडकर के सपनों को वास्तव में अगर किसी सरकार ने साकार किया है तो वह है भाजपा सरकार। अन्य दलों ने बाबा साहेब के नाम पर वोटों की राजनीति की, लेकिन उनकी विचारधारा को कभी नहीं अपनाया। सांसद प्रत्याशी देवेंद्र सिंह भोले ने कहा कि बाबा साहेब मजबूर, मजदूर, गरीब, असहाय, कमजोर व दिव्यांगों के लिए पूरे जीवन चिंता करते रहे। इस दौरान जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, नरेश कठेरिया, अखिलेश सोनकर, एमपी सालोनिया, विनोद सोनकर, शैलेंद्र त्रिपाठी, भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु द्विवेदी समेत आदि लोग रहे।


कांग्रेस प्रत्याशी आलोक मिश्रा ने जनसंपर्क कर वोट मांगे। अमृत विचार

### भाजपा सरकार में रोजगार के लिए भटक रहे युवा: आलोक

**कानपुर।** इंडिया गठबंधन प्रत्याशी आलोक मिश्रा ने शनिवार को रायपुरवा चन्द्रिका देवी चौराहा से पद यात्रा शुरू की। उन्होंने पीरोड, वनखंडेश्वर मंदिर, बर्रा-दो शास्त्री चौक, केडीए कॉलोनी जाजमऊ, चीना पार्क, रावतपुर, काकादेव, धनकुट्टी धर्मशाला, रंजीतपुरवा, कलक्टरगंज, गया प्रसाद का हाता, चुन्नीगंज मलिन बस्ती, आंबेडकर पार्क, सुर्दशन नगर में जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि आरक्षण न देना पड़े, इसलिए भाजपा सरकार जानबूझ कर भर्ती परीक्षा के पेपर लीक करा रही है। युवा रोजगार के लिए भटक रहा है। सभी अच्छी योजनाएं कांग्रेस, सपा और आप सरकार ने शुरू की। केंद्रीय कार्यालय में उन्होंने फतेहपुर के पूर्व विधायक अनिल सिंह से मुलाकात की। सुरेंद्र तिवारी, दिलीप बाजपेयी, उमाप्रसाद, शहर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी, राजेश निगम, महेश मेघानी, महासचिव रमेश चन्द्र गुप्ता, अब्दुल जब्बार राज, संजीव मिश्रा आदि रहे।

# बेरोजगारी, महंगाई से राहत देगा इंडिया गठबंधन

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को स्नेह निमंत्रण भेजेगी सपा

**अमृत विचार।** सपा कार्यालय में शनिवार को नगर के पदाधिकारी कार्य समिति के सदस्यों, विधानसभा अध्यक्षों, फ्रंटल संगठनों व बूथ प्रभारियों की बैठक हुई। 30 अप्रैल से 342 मतदान केंद्रों में जनसंपर्क अभियान की रूपरेखा तय हुई। कहा गया कि बेरोजगारी और महंगाई से इंडिया गठबंधन राहत दिलाएगा।

सपा जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि मतदाताओं से गहन जनसंपर्क 30 अप्रैल से शुरू होगा।सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मतदाताओं को आमंत्रण पत्र देंगे। मतदान प्रतिशत 70 तक बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि बढ़ती बेरोजगारी और महंगाई की समस्या का हल इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही होगा। 10 मई तक मतदाता संपर्क अभियान के तहत क्षेत्रों में सभाएं, बैठकें होंगी। महानगर महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर ने कहा कि दाल, सब्जी, पेट्रोल-डीजल, दूध आदि रोजमर्रा के जीवन में काम आने वाली चीजों के दाम 10 सालों में काफी ज्यादा बढ़ गए हैं। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने कहा कि हरी, सब्जी और तरबूज, खरबूजे लाने वालों को पुलिस परेशान करती है। यहां प्रदेश सचिव केके शुक्ला, महेंद्र सिंह, परमवीर सिंह गंभीर, फकरे आलम अंसारी, आनंद शुकला, सत्यनारायण गहरवार, आकाश यादव, मुमताज मंसूरी, वरुण जायसवाल, प्रदीप तिवारी, अर्पित त्रिवेदी, राहुल वर्मा, दीपक खोटे, शादाब आलम, सुलेखा यादव, केके मिश्र, रमेश यादव, लियाकत अली, संजय सोनकर, रजत मिश्रा रहे।


सपा कार्यालय में बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद, महासचिव बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव। अमृत विचार

# लोकतंत्र के महापर्व में मतदान की शपथ की

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** खुद भी वोट दें और दूसरों को भी बूथों तक भेजें। लोकतंत्र के महापर्व में हर एक वोट का महत्व है। मतदाताओं को यहीं बातें बताते हुए शनिवार को कई स्थानों पर मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया। मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई गई।

चुन्नीगंज स्थित शनिदेवी मंदिर में शनिवार को भक्तों की भीड़ उमड़ी। दीपक जलाने के बाद मंदिर कमेटी की ओर से भक्तों को लोकसभा चुनाव में मतदान के प्रति जागरूक किया गया। भक्तों को शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई गई। मंदिर कमेटी के लोगों ने कहा कि 13 मई को पहले खुद मतदान करें, इसके बाद अपने घर के आसपास लोगों को भी मतदान के लिए भेजें।

उधर, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष राजा भरत अवस्थी ने राज्यकर विभाग में लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने व दूसरों को भी प्रेरित करने की शपथ दिलाई । पदाधिकारियों ने कहा कि मतदान प्रतिशत बढ़ाने लिए 13 मई तक अभियान चलाएंगे। यहां कोमल सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणधीर सिंह, दीपक चंदेल, शोभित अग्रवाल, उमेश यादव, पवन प्रकाश पांडेय, राजेश पटेल, सरोज, राजकुमार, संदीप सिंह, जितेंद्र केसरवानी, प्रमोद पटेल, अभिषेक सिंह, रवि शंकर, रामभजन आदि रहे।

सियासी तीर

तिलक हाल में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे ने सामाजिक, आर्थिक और संवैधानिक मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरा

# जनता दे रही भाजपा की हार की गारंटी : अभय दुबे

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बीते 10 वर्षों में उत्तर प्रदेश और देश की भाजपा सरकारों ने अपनी सत्ता की भूख मिटाने के लिए देश के सामाजिक, राजनीतिक, संवैधानिक और आर्थिक ताने-बाने को तहस-नहस कर दिया है। देश के प्रजातंत्र के लिए आज परीक्षा की घड़ी है। देश की इस परीक्षा में 19 अप्रैल से एक जून तक सात प्रश्न पत्र हो रहे हैं, जिसमें देश की जनता भाजपा सरकार का मूल्यांकन करेगी। यह बात अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अभय दुबे ने कही।

तिलक हाल कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अभय दुबे ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसान, नौजवान, जवान, बेटियों, दलितों, पिछड़ों और पहलवानों आदि का अपमान किया है। देश की जनता इस बार की परीक्षा में भाजपा को फेल करेगी। इंडिया गठबंधन को सबसे अधिक मतदान कर पास करेगी। सात चरणों में सात विषयों पर मूल्यांकन हो रहा है। नंबर एक पर बेरोजगारी है।

उन्होंने कहा कि सात वर्षों में उत्तर प्रदेश में 10 से अधिक भर्ती परिक्षाओं के पेपर लीक हुए और करोड़ों युवाओं का भविष्य को अंधकार में चला गया। प्रधानमंत्री प्रतिवर्ष दो करोड़ लोगों को रोजगार देने का वादा पूरा नहीं कर सके। इंटरनेशनल लेबर आर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट के मुताबिक भारत के 83 प्रतिशत युवाओं के पास रोजगार नहीं है। भारत सरकार की लेबर मिनिस्ट्री की रिपोर्ट के मुताबिक 45 सालों की सबसे बड़ी बेरोजगारी मोदी सरकार ने परोसी है। आक्सफेम की रिपोर्ट से जाहिर है कि 12 करोड़ लोगों के रोजगार छीने गए हैं। हाथरस से उन्नाव, लखीमपुर से बीएचयू तक बलात्कारियों पर सत्ता की सरपरस्ती है। उत्तर प्रदेश में प्रतिदिन 153 महिलाएं अपराधों और आठ महिलाएं बलात्कार का शिकार हो रही हैं।


कांग्रेस मुख्यालय तिलक हाल में प्रेसवार्ता करते राष्ट्रीय प्रवक्ता अभय दुबे, साथ में जिलाध्यक्ष नौशाद आलम। अमृत विचार

### कांग्रेस के वादे गिनाए

- सरकार में आते ही महिला आरक्षण कानून विधानसभा व लोकसभा में लागू होगा।
- सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित होगी।
- समर्थन मूल्य का कानून बनेगा और किसान कर्जमाफी के लिए कदम बढ़ेगा।
- भारत की भूभागीय अखंडता सीमा की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी।
- भारत मां की अस्मिता पर आंच नहीं आने दी जाएगी ।
- जातिगत जनगणना होगी, जितनी आबादी उतना हक मिलेगा।
- मनरेगा के तहत न्यूनतम मजदूरी दर चार सौ रुपये प्रतिदिन होगी।

# कूष्मांडा मंदिर के कुएं में गिर कर महिला की मौत

## दो घंटे रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद महिला को निकाला गया

संवाददाता, घाटमपुर

- परिवार वाले बोले, डिप्रेशन में थी, चल रहा था इलाज

**अमृत विचार :** कस्बे के मां कूष्मांडा देवी मंदिर परिसर के सूखे कुएं में एक महिला गिर गई। अग्निशमन और पुलिस के संयुक्त रेस्क्यू ऑपरेशन में दो घंटे बाद उसे बाहर निकाला जा सका, लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी। सीएचसी पहुंचते ही डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार वालों का कहना है कि महिला डिप्रेशन में थी और उसका इलाज भी चल रहा था।

कस्बे के मां कूष्मांडा नगर के रहने वाले विनोद कुमार शर्मा की 52 वर्षीय पत्नी गुड्डी देवी शुक्रवार की रात्रि करीब 11 बजे के आसपास घर से निकली थी। कुछ देर बाद कूष्मांडा देवी मंदिर के निष्प्रयोज्य सूखे कुएं में गिरने की खबर मिली। महिला के कुएं में गिरने की सूचना पर पुलिस पहुंची। इसके बाद पुलिस ने अग्निशमन विभाग को सूचना दी। अग्निशमन अधिकारी के नेतृत्व में रेस्क्यू यूनिट मौके पर पहुंची और महिला को कुएं से निकालने के प्रयास शुरू हुए।



महिला को निकालने का प्रयास करते लोग।

कुएं की गहराई 100 फीट और महिला का वजन लगभग 80 किलोग्राम होने की वजह से निकालने में काफी दिक्कतें आ रही थीं। प्रयासों के बीच एसडीआरएफ को बुलाने का निर्णय लिया गया, लेकिन कुछ देर बाद ही अग्निशमन एवं आपात सेवा (एफएस) की रेस्क्यू टीम ने अपने अथक प्रयासों और सूझबूझ से महिला को कुएं से बाहर निकाल लिया।

उसे फौरन सीएचसी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की जान गई

**घाटमपुर।** हमीरपुर हाईवे पर शुक्रवार की देर रात तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। घाटमपुर थाना क्षेत्र के बलहापारा गांव का छोटे विश्वकर्मा (42) पुत्र रामशंकर शुक्रवार की देर रात बाइक से घाटमपुर से वापस घर जा रहा था। जैसे ही वह जहांगीरबाद के सामने पहुंचा, तभी तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे छोटे की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना जैसे ही घर पहुंची तो कोहराम मच गया।



छोटे विश्वकर्मा।

# चोरी की रिपोर्ट लिखाने को 15 दिन से भटक रहा पीड़ित

शिवराजपुर, संवाददाता

**अमृत विचार।** दिनकरपुर गांव के राजू के घर से विगत 15 दिन पूर्व चोरी हुई थी। जिसकी सूचना पीआरवी को दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और कहा सम्बंधित थाने जाकर प्रार्थनापत्र दे। स्थानीय थाने में तहरीर दी गई लेकिन पुलिस ने अब तक न मुकदमा दर्ज किया और कोई जांच पड़ताल की ।

पीड़ित राजू तिवारी ने बताया कि घर में पुत्र का वरीक्षा कार्यक्रम चल रहा था। इस दौरान पुराने घर में ताला लगाकर सभी परिजन वही मौजूद थे। वापस लौटने पर देखा तो ताला और अलमारी खुली पाई। जिसमें नकद डेढ़ लाख व लाखों के आभूषण चोरी हो गए। पीड़ित ने पीआरवी को घटना की सूचना दी। पुलिस ने घटना की वीडियो बनाई और थाने में तहरीर देने को कहा। पीड़ित का कहना है कि जब तहरीर देने गए तो पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया न ही कोई जांच हुई।

### हाईवे पर टकराई दो वैन महिला सवारी का बैग पार

**सरसौल।** महाराजपुर के कुलगांव चौकी क्षेत्र में प्रयागराज हाईवे पर शनिवार दोपहर एक ओमिनी और ईको वैन में टक्कर हो गई जिसमें कई सवारियां घायल हो गईं। दुर्घटना के बाद दोनों ही वैन के चालक उलझ गए। इस दौरान नौबस्ता से बिंदकी जा रही महिला शीबा का हैंडबैग किसी ने पार कर दिया। शीबा के मुताबिक हैंडबैग में 5 हजार रुपए और एक सोने का मंगलसूत्र था। एसओ महाराजपुर ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर दोनो वैन चालकों से पूछताछ की गई है, मामले की पड़ताल की जा रही है।

# शादी से लौट रहे युवक को लूटा

संवाददाता, घाटमपुर

- शादी समारोह से घर वापस लौट रहा था युवक

**अमृत विचार :** सजेती थाना क्षेत्र सरगांव रोड पर शादी समारोह से घर आ रहे बाइक सवार युवक को बाइक सवार तीन अज्ञात बदमाशो ने लूट लिया और धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित ने डायल 112 में सूचना दी। बाद में सजेती थाना में प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।



सजेती थाना क्षेत्र के भुलमुलियापुर मजरा मढ़ा गांव निवासी सुशील कुमार पुत्र नागेश्वर ने पुलिस को बताया कि वह विगत रात्रि निमंत्रण खाकर घर वापस जा रहा था। कि सरगांव मोड़ के पास पहले से घात लगाए खड़े बाइक सवार तीन युवकों ने उसे रोक लिया। और मारपीट पर अमादा हो गए। उक्त बदमाशों ने मेरा मोबाइल,आठ हजार रुपए, एक सोने की चैन, पर्स, पर्स में पड़े पैन कार्ड, आधार कार्ड, एटीएम कार्ड, अंगूठी सहित सामान लेकर कर भाग गए। सुशील ने बताया कि उसने डायल 112 नम्बर पर सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस जब तक बाइक सवार बदमाश भाग निकले। थाना अध्यक्ष ब्रजमोहन सिंह ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### गेहूं की मढ़ाई करा रहे किसान से दिनदहाड़े लूट

**शिवराजपुर।** क्षेत्र के छतरपुर गांव मे गेहू की मढ़ाई कर रहे किसान से दिन दहाड़े लूट हो गयी। पीड़ित किसान ने शिकायत थाना पुलिस से की लेकिन थानाध्यक्ष ने किसान की कोई सुनवाई न करते हुए वापस कर दिया। कोई सुनवाई न होने पर किसान ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर इसकी शिकायत की है। छतरपुर गांव निवासी निखिल गौतम ने बताया कि शनिवार की सुबह लगभग 12 बजे वह गांव के पास स्थित अश्वत्थामा मंदिर के पास खेत पर ट्रैक्टर से गेहू की मढ़ाई करा रहा था| धूप ज्यादा होने पर पेड़ के नीचे लेट गया | ट्रैक्टर के लिए डीज़ल लाने के लिए 15000 रुपये लिए था। तभी 12 बजे चार अज्ञात लोग आए और चाकू दिखा कर मार देने की धमकी देते हुए रुपये और मोबाईल छीन कर भागने लगे। किसान ने शोर मचाया तो वह थोड़ी दूरी पर फोन फेंक कर भाग निकले। थानाध्यक्ष सुबोध कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी नहीं है, किसान थाने नहीं आया है। जानकारी होने पर आसपास ग्रामीणों से पता किया गया है तो घटना में सत्यता नही लग रही है।

### अनियंत्रित कार डिवाइडर से टकराई, एक घायल

**चौबेपुर।** क्षेत्र के मरियानी गांव के सामने हाईवे पर शनिवार दोपहर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। इस दौरान विपरीत दिशा से आ रहा एक बाइक सवार इसकी चपेट मे आने से घायल हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया। शनिवार दोपहर बिल्हौर से कानपुर की ओर जा रही एक कार मरियानी गांव के सामने अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर में लगे एंगल से जा टकराई। दुर्घटना में चालक तो बाल-बाल बच गया लेकिन कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं कार की चपेट में आने से एक बाइक चालक जितेंद्र घायल हो गया। सूचना पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को उपचार के लिए सीएचसी भेजा। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उस घर भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र श्रीवास्तव ने बताया कि अनियंत्रित कार डिवाइडर में लगे एंगल से टकराई है, दुर्घटना में बाइक सवार मामूली घायल हुआ है।



टक्कर के बाद क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

# मछली पकड़ने के विवाद में युवक का कान काटा

संवाददाता, भीतरगांव

- साढ़ थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर नर्वल गांव की घटना

**अमृत विचार।** साढ़ थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर नर्वल गांव में नहर में मछली पकड़ते समय हुए विवाद में एक युवक ने दूसरे युवक को हंसिया मार कर कान काट दिया। युवक का कान कटकर अलग हो गया। दो दिन अस्पताल में भर्ती रहने के बाद शनिवार को युवक शिकायत करने थाने पहुंचा।

साढ़ थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर नर्वल गांव निवासी संतोष पुत्र दुलारे ने बताया कि वर्तमान में राम गंगा नहर में पानी नहीं है कहीं-कहीं पानी भरा हुआ है जिसमें बहुत से लोग मछली पकड़ रहे थे तभी वहां गांव का ही राम नरेश पुत्र राम औतार आ गया और उसने कहा यहां कोई मछली नहीं पकड़ेगा इसी बात को लेकर उसने हाथ में लिए हसिया से हमारे सर पर वार कर दिया जिससे मेरा कान कट कर एक तरफ लटक गया और मैं बेहोश हो गया दो दिन अस्पताल में भर्ती रहने के बाद आज थाने में आकर लिखित शिकायत देने आया हूं।



घायल संतोष। अमृत विचार

साढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है जांच करते हुए अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# प्राथमिक विद्यालय की रसोई में अराजक तत्वों ने लगाई आग

संवाददाता, भीतरगांव

- साढ़ थाना के पड़री लालपुर प्राथमिक विद्यालय की घटना

**अमृत विचार।** साढ़ थाना क्षेत्र के पड़री लालपुर गांव के प्राथमिक विद्यालय मे रसोई की खिड़की के रास्ते अराजकतत्वों ने किसी तरह से जलती हुई वस्तु अंदर डाल कर आग लगा दी। जिससे रसोई में रखा सभी सामान जल कर राख हो गया। स्कूल के प्रधानाचार्या ने लिखित शिकायत साढ़ थाना में की है

प्राथमिक विद्यालय पड़री लालपुर प्रथम की प्रधानाचार्य सोनिया श्रीवास्तव ने साढ़ थाना पुलिस मंल लिखित शिकायत करते हुए बताया कि प्राथमिक विद्यालय की रसोई घर का एक खिड़की बाहर से खुली हुई है जिससे कुछ अराजक तत्वों ने जलती हुई चीज अंदर डाल कर आग लगा दी जिससे रसोई में रखा सभी सामान जल कर राख हो गया सुबह विद्यालय पहुंचने पर जैसे ही विद्यालय का ताला खोल कर अंदर घुसी तो देखा कि किचन का सभी सामान जल कर राख हो गया था पहले भी कुछ अराजक तत्वों ने विद्यालय में इस तरह की घटना की है जिसकी लिखित शिकायत साढ़ थाने में दी गई थी परंतु कुछ कार्यवाही नहीं हुई थी। साढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि प्रधानाचार्य द्वारा लिखित प्रार्थना पत्र दिया गया है, जांच की जा रही है।



आग से रसोई का पूरा सामान राख हो गया। अमृत विचार

# प्रेम प्रसंग के चलते युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या

संवाददाता, भीतरगांव

- ग्रामीणों ने प्रेम प्रसंग में आत्महत्या का कारण बताया
- साढ़ थाना क्षेत्र के गोपालपुर नरवल गांव की घटना

**अमृत विचार।** साढ़ थाना क्षेत्र के गोपालपुर नरवल गांव निवासी एक युवक ने बीते बुधवार को जहरीला पदार्थ खा लिया था जिससे उसकी हालत गंभीर बनी हुई थी जिसकी इलाज के दौरान बीती रात मौत हो गई आत्म हत्या का कारण ग्रामीणों के अनुसार प्रेम प्रसंग के चलते बताया जा रहा है

जानकारी के अनुसार गोपालपुर गांव निवासी शोभा सिंह भदोरिया का तीसरे नंबर का पुत्र शिवदीप सिंह भदोरिया उम्र लगभग 22 वर्ष बीते बुधवार जहरीला पदार्थ खा लिया था परिजन जिसको सबसे पहले सीएससी भीतरगांव लेकर पहुंचे थे जहां से हालत गम्भीर देख कानपुर हैलट के लिए रिफर कर दिया गया था जहां से परिजन निजी चिकित्सालय कानपुर में भर्ती कराया था जहां उपचार के दौरान बीती रात उसकी मौत हो गई जिसका पोस्ट मार्टम करा कर शव को परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

इधर ग्रामीणों के अनुसार आत्म हत्या की वजह मृतक के किसी युवति से संबंध थे जिससे वह विवाह करना चाहता था परंतु दोनों पक्ष राजी ना होने के चलते उसका विवाह नहीं हो पाया जिसके चलते उसने जहरीला पदार्थ खाकर आत्म हत्या कर ली।

इधर सूत्रों की मां ने तो युवक की जेब में एक सुसाइड नोट भी निकला है लेकिन जिसे पुलिस व परिजन सार्वजनिक नहीं कर रहे हैं साढ़ थाना प्रभारी ने बताया की तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# वकील व कांग्रेस नेताओं में विवाद

**कानपुर।** शिवाला में शनिवार को दुकान से भूसा गिरने पर कांग्रेस महासचिव और अधिवक्ता के बीच में विवाद हो गया। कुछ ही देर में दोनों पक्षों की ओर से लोग आ गए और मारपीट शुरू हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की।

खास बाजार निवासी त्रिलोकी त्रिवेदी शहर कांग्रेस कमेटी में महासचिव है। उनका शिवाला में भूसे का व्यापार है। शनिवार दोपहर वह दुकान पर भूसा लदवा रहे थे। इसी दौरान भूसा उड़ने से वहां से गुजर रहे निशांत जादौन पर कुछ भूसा गिर गया। उन्होंने विरोध किया तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई। इस बीच निशांत के पक्ष से उनके भाई अधिवक्ता प्रशांत, मनीष, संजय, शुभम, आनंद व विशाल आ पहुंचे। वहीं त्रिलोकी की तरफ से अम्बू, महेश,गणेश,रामू,पंकज आदि लोग आ गए। दोनों पक्षों में कहासुनी के बाद मारपीट हो गई।

# कार की टक्कर से दो भैंसें मरीं

**सरसौल।** महाराजपुर थाना के पुरवामीर में प्रयागराज हाईवे पर शनिवार को केदार सिंह गौतम भैंसों को लेकर हाईवे पार कर रहे थे। इसी दौरान फतेहपुर की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार भैंसों से टकरा गई जिसमे दो भैंसो की मौत हो गई।

# कलश यात्रा निकाली

**कानपुर।** गड़रियन पुरवा स्थित अर्द्धनारीश्वर मन्दिर के निकट रविवार से शुरू होने वाली श्रीमद्भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा की अगुवाई हिन्दू किन्नर महासभा की अध्यक्ष सुश्री मन्नत मां ने की।

# पांच लाख की मांग पूरी न करने पर तीन तलाक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- पीड़िता ने ससुरालीजनों पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** बेकनगंज थाना क्षेत्र में कार के लिए पांच लाख रुपये न देने पर ससुरालीजनों ने विवाहिता को प्रताड़ित कर तीन तलाक दे दिया। पीड़िता ने पति समेत पांच ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज व तीन तलाक संबंधी धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

कर्नलगंज निवासी महिला ने बताया कि बीते चार दिसंबर को उनका निकाह हीरामन पुरवा निवासी अस मोहम्मद के साथ हुआ था। शादी के बात से ही पति, सास तस्दीक उर्फ बेबीनाज, देवर ओसामा कार के लिए पांच लाख रुपये की मांग कर रहे थे। मारपीट कर प्रताड़ित करते थे। ।23 अप्रैल को देवर ने उनके साथ अश्लीलता की, विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पति से शिकायत की तो उसने पीट कर तीन तलाक दे दिया। पीड़िता ने बेकनगंज पुलिस से शिकायत की है। थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# एमबीबीएस की परीक्षाएं एक मई से

**कानपुर।** सीएसजेएमयू ने शनिवार को एमबीबीएस की एक मई से होने वाली परीक्षाओं के केंद्र निर्धारित कर दिए। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज केंद्र बना है। वहीं पूर्व में विवादों में रहा सरस्वती मेडिकल कॉलेज उन्नाव का परीक्षा केंद्र स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट बना। आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय सैफई इटावा का परीक्षा केंद्र भी न्यू आईबीएम सीएसजेएमयू है। हिंद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, सीतापुर का केंद्र यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नॉलजी, लेक्चर हॉल कॉम्प्लेक्स सीएसजेएमयू परिसर है।

# मंडलायुक्त की फर्जी आईडी बनाकर मांगे गए रुपये

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कोहना थाने में आईटी एक्ट की धारा में दर्ज हुई रिपोर्ट

**अमृत विचार।** बेखौफ साइबर ठग अब आला अधिकारियों के सोशल एकाउंट से छेड़छाड़ करने से भी बाज नहीं आ रहे है। साइबर ठगों ने सोशल मीडिया पर मंडलायुक्त की फर्जी आईडी बनाकर उनके परिचितों से रुपयों की मांग की। जानकारी होने पर मंडलायुक्त कार्यालय के अधिकारी ने कोहना थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई।

मंडलायुक्त कार्यालय में कार्यरत वैयक्तिक सहायक देवेश द्विवेदी ने बताया कि मंडलायुक्त अमित गुप्ता के नाम से फेसबुक और फेसबुक मैसेंजर पर एक फर्जी आईडी व प्रोफाइल बनाई गई। मंडलायुक्त की फोटो का इस्तेमाल भी फर्जी आईडी में किया जा रहा है। बताया कि फर्जी आईडी से परिचितों व अन्य लोगों से पैसे रुपये मांगने की जानकारी मिली थी। जिसके बाद देवेश ने कोहना थाने में आईटी एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई। कोहना थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### गांजा पीने का विरोध करने पर तमंचे की बट से हमला

**कानपुर।** बाबूपुरवा थाना क्षेत्र में गांजा पीने का विरोध करने पर युवकों ने दुकान संचालक संग गाली गलौज कर तमंचे की बट से वार दिया, जिससे संचालक बेहोश हो गया। पीड़ित ने तीन आरोपियों के खिलाफ बाबूपुरवा थाने में एससीएसटी एक्ट समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई। बगाही भट्ठा निवासी दीपक कुमार गौतम ने बताया की किराना की दुकान है। बताया कि बीते 25 अप्रैल की शाम करीब छह बजे उनकी दुकान पर मोहल्ले का अजय उर्फ आजम, गुलफाम व इमाम अली आए और गांजा पीने लगे। मना करने पर आरोपियों ने उनके साथ गाली गलौज कर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए तमंचे की बट से सिर पर वार कर दिया। सिर पर चोट लगने से वह बेहोश हो गए। शोर शराबा सुनकर क्षेत्रीय लोगों के एकत्रित होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने बाबूपुरवा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी अनूप कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### अधिवक्ता से मारपीट करने में सात पर केस दर्ज

**कानपुर।** नाला रोड निवासी शाहिद हसन पर हमले के आरोप में सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। उनके मुताबिक शुक्रवार दोपहर एक बजे उनके घर के बाहर मेराज, राजा, गुलजार, बाबू, नसीब हसन, मुस्तफा, ओसामा, तलाह आकर गड्ढा खोदने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। जिस पर उन्होंने तकिया पार्क चौकी पर शिकायत की। आरोप है कि कुछ देर बाद आरोपी दोबारा हसिया, पिस्टल से लैस होकर आए और उनकी जमकर पिटाई की। बीच-बचाव में रिजवान हसन, रशीद हसन, हुसैन आरिफ, व बुआ नाहिद को भी पीट दिया। आरोप है कि इस दौरान मोबीन की चेन, पर्स व अरसलान का मोबाइल छीन ले गए। चमनगंज थाना प्रभारी ने बताया कि गुलजार हसन की तहरीर पर सात लोगों समेत 35 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### नशे में धुत चालक ने पेड़ से भिड़ा दी बस

**कानपुर।** नशे में धुत रोडवेज चालक ने शुक्रवार रात हैलट पेट्रोल पंप के सामने पेड़ में बस भिड़ा दी। गनीमत रही की हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। मौके पर पहुंची स्वरूप नगर पुलिस ने चालक पर शांतिभंग की कार्रवाई कर रोडवेज अधिकारियों को सूचना दी। स्वरुप नगर इंस्पेक्टर ने बताया कि शुक्रवार रात करीब दो बजे फजलगंज डिपो की बस नरेंद्र मोहन सेतु से आ रही थी। हैलट पेट्रोल पंप के पास स्थित पेड़ पर बस अनियंत्रित होकर जा टकराई। मौके पर पहुंची पुलिस ने नशे में धुत चालक को बस से उतारा। पूछताछ में चालक ने अपना नाम बृज किशोर सिंह बताया। चालक पर शांतिभगं की धारा में कार्रवाई की गई।

### पद्मपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर में कार्यशाला 4 मई तक

**कानपुर।** सर पद्मपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर में महाराष्ट्र की प्रसिद्ध वारली चित्रकला की कार्यशाला 4 मई तक चलेगी। यह कला महाराष्ट्र की आदिवासी कला है, जिसकी ख्याति पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। यह जानकारी शनिवार को स्कूल की प्रिंसिपल भावना गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला स्कूली बच्चों के अलावा शहर के होनहारों के लिए भी पूरी तरह से खुली हुई है। यहां पर आकर लोग चित्रकला से संबंधित जानकारी हासिल कर सकते हैं। वार्ता के दौरान उन्होंने लगभग तीन हजार साल पुरानी इस कला की बारीकियां भी समझाई।




जानकारी देतीं प्रिंसिपल भावना गुप्ता। अमृत विचार

**विचार-विमर्श**

ऐलन हाउस में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में कई देशों से प्रबुद्धजन हिस्सा लेने पहुंचे

# भारत-ओमान के छात्रों के बीच शैक्षिक संबंध होंगे बेहतर

संवाददाता महाराजपुर

**अमृत विचार।** कुलगांव स्थित ऐलन हाउस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस में ओमान के मॉडर्न स्कूल ऑफ बिजनेस एंड साइंसेज के सहयोग से दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन शनिवार को शुरू हुआ। सम्मेलन के विषय आधुनिक विज्ञान एवं शिक्षा में नवाचार और विकास पर वक्ताओं ने चर्चा की। सम्मेलन में भारत और ओमान के अलावा कई अन्य देशों के विद्वान, शिक्षक, रिसर्च फेलो ,उद्यमियों के अलावा लगभग चार सौ छात्र एवं छात्राओं ने शिरकत किया।

सम्मेलन का उद्घाटन सुपर हाउस एजुकेशन फाउंडेशन के सचिव जफरूल अमीन ने किया। सम्मेलन में सोहार यूनिवर्सिटी मस्कट ओमान के प्रवक्ता मरियम सईद हमद ने कहाकि ऐसे कार्यक्रमों के जरिए भारत और ओमान के बीच सांस्कृतिक और बौद्धिक संबंध और अधिक मजबूत होंगे इसके अलावा अलग-अलग क्षेत्रों के छात्रों को शोध में मदद मिलेगी। इसके अलावा देश भर के अलग अलग संस्थानों के संकाय प्रमुख लगभग पचास से अधिक विद्वानों ने अपने अपने विचार साझा किए।



प्रो. मरियम सईद हमद। अमृत विचार




सम्मेलन में आए मुख्य अतिथि ने जारी की स्मारिका। अमृत विचार

इस दौरान नेशनल डिफेंस एकेडमी पुणे के प्रिंसिपल ओपी शुक्ला, सीएसजेएम यूनिवर्सिटी के कुलपति, सोहर यूनिवर्सिटी मस्कट, ओमान की प्रोफेसर मरियम हमाद, नॉवेल अकादमी पोखरा नेपाल के प्रोफेसर विश्वेश्वर आचार्य, ऐलन हाउस इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ मनोज मिश्रा, मैनेजिंग डायरेक्टर शिवानी कपूर और डायरेक्टर डॉ रूबी चावला भी रहे। इस मौके पर स्मारिका भी जारी की गई।

# कमाई का झांसा देकर 36 लाख रुपये ठगे

**कानपुर।** ऑनलाइन रेटिंग देकर घर बैठे पैसे कमाने का झांसा देकर साइबर ठगों ने चकेरी निवासी महिला संग 36 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़िता ने साइबर सेल में मामले की शिकायत दर्ज कराई । श्याम नगर निवासी आकांक्षा गुप्ता ने बताया कि 22 अप्रैल को उनके मोबाइल पर एक मैसेज आया, जिसमें ऑनलाइन रेटिंग का काम करने के बदले रुपये मिलने का ऑफर दिया गया। उन्होंने काम शुरू कर दिया। शुरुआत में उनके खाते में पैसे दोगुने होकर आए। कुछ समय बाद ठगों ने ज्यादा मुनाफे का झांसा दिया। आकांक्षा ने आठ खातों में किस्तों में करीब 36 लाख रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद ग्रुप बंद हो गया, दिए गए नंबरों पर फोन किया जो बंद था। साइबर सेल प्रभारी हरमीत सिंह ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

वर्ष-2014 के चार बड़ी राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशी बन गए हैं एक-दूसरे के सहयोगी

# अब प्रतिद्वंद्वी बन गए एक-दूसरे के समर्थक, असमंजस में हैं वोटर

चुनावी चकचक

प्रकाश तिवारी, उन्नाव

**अमृत विचार।** कहते हैं राजनीति में कुछ भी स्थाई नहीं होता है। यहां तो सभी थाली के बैंगन की तरह इधर-उधर होते रहते हैं। इसी क्रम में वर्ष-2014 में हुए लोकसभा चुनाव में चार प्रमुख राजनैतिक पार्टियों के प्रत्याशी जो उस समय एक-दूसरे पर तीखे शब्दभेदी तीर छोड़ने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ते थे वे आज एक-दूसरे के सपोर्टर बन उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। यही नहीं जो उस समय खुले मंच से प्रतिद्वंदी पर जमकर आरोपों-प्रत्यारोपों की झड़ी लगाते थे वे आज उनके पक्ष में वोट करने के लिये जिले की जनता से अपील करते नहीं थक रहे हैं। ऐसे में 10 साल पूर्व की स्थितियों को याद कर जिले का मतदाता असमंजस में है कि क्या करें, क्या ना करें?

जी हां हम बात कर रहे हैं वर्ष-2014 में हुए लोकसभा चुनाव की। इस चुनाव में जहां भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी साक्षी महाराज जिले की राजनीति में पदार्पण कर अपना पहला चुनाव लड़ रहे थे। वहीं अरुण शंकर शुक्ल 'अन्ना महाराज' सपा और बसपा से पूर्व सांसद ब्रजेश पाठक अपनी किस्मत आजमा रहे थे। जबकि उस समय की सांसद रहीं अन्नू टंडन कांग्रेस की प्रत्याशी के रूप में थीं।


साक्षी महाराज।





अन्नू टंडन।


ब्रजेश पाठक। अमृत विचार


अरुण शंकर शुक्ला 'अन्ना महाराज'।

- तब के बसपा प्रत्याशी भाजपा के लिये तो सपा वाले कांग्रेस प्रत्याशी के लिये मांग रहे वोट

**2014** से पहले उन्नाव लोकसभा सीट कांग्रेस के पास थी, उसके पहले बसपा से जीते थे ब्रजेश पाठक

पीएम मोदी के नाम की आंधी के चलते संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं ने तब न सिर्फ अन्नू टंडन, बल्कि ब्रजेश पाठक व अन्ना महाराज को दरकिनार कर भारी मतों से भाजपा प्रत्याशी को विजय दिलाई थी। बीते 10 वर्षों में भाजपा प्रत्याशी ने भले ही अपनी राजनैतिक निष्ठा नहीं बदली, लेकिन उनके प्रतिद्वंदियों में शामिल रहे बसपा व कांग्रेस के प्रत्याशी इस चुनाव में अपने नए दलों के लिए वोट मांग रहे हैं। यानी कांग्रेस के बजाए अन्नू टंडन अब सपा से मैदान में हैं।

जबकि बसपा के उम्मीदवार राजनीतिक सफलता की सीढ़ियां चढ़कर प्रदेश के डिप्टी सीएम के तौर पर भाजपा प्रत्याशी को चुनावी वैतरणी पार कराने की जद्दोजहद कर रहे हैं। राजनैतिक व्यस्तताओं के बावजूद वे मोहान व भगवंतनगर विधानसभा क्षेत्रों के मंडल अध्यक्षों के सम्मेलन में शामिल होकर जहां भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ा चुके हैं। वहीं भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित नामांकन सभा को मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित कर लोगों से पार्टी के प्रत्याशी को जिताने की अपील कर चुके हैं।

इसी तरह सपा प्रत्याशी के तौर पर साइकिल चुनाव निशान के लिए वोट मांगते रहे अरुण शंकर शुक्ला इसी पार्टी की प्रत्याशी बनीं अन्नू टंडन को सफलता दिलाने की कवायद में जुटे हैं।

### सपा व कांग्रेस के मत जोड़ने पर भी आगे थे साक्षी

- भाजपा प्रत्याशी के पहले चुनाव में जिले के 5,18,834 मतदाताओं ने उनके पक्ष में मतदान किया था। तब सपा व कांग्रेस प्रत्याशियों को मिले वोट जोड़ने पर भी भाजपा को मिले मत अधिक थे। उस चुनाव में उनके प्रतिद्वंदी सपा प्रत्याशी अरुण शंकर शुक्ला को 2,08661 वोट मिले थे। जबकि, कांग्रेस की अन्नू टंडन 1,97,098 वोट ही पा सकी थीं। वहीं, बसपा के ब्रजेश पाठक को 2,00,176 मत मिले थे।

### मतदाता खामोश हैं...

- इस चुनाव में वह सपा प्रत्याशी की नामांकन सभा में शामिल होकर केंद्र व प्रदेश सरकार को कोसते हुए पार्टी प्रत्याशी को बड़े अंतर से जीत दिलाने की अपील जनता से कर चुके हैं। साथ ही क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान भी सपा की पैरोकारी भी करते दिख रहे हैं। बीते एक दशक में चाहे जितने राजनैतिक बदलाव आए हों लेकिन, बड़ी संख्या में मतदाताओं के जेहन में वर्ष-2014 का लोकसभा चुनाव की यादें जिंदा हैं। इसीलिए वे खुद को असमंजस में महसूस कर रहे हैं। यही कारण है कि मतदान तिथि करीब आने के बावजूद वोटरों का मिजाज अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। मतदाता नेताओं को एक ही थाली का चट्टा-बट्टा बताते हुए चुप्पी साध ले रहे हैं। तमाम मतदाताओं ने किसे वोट देना है तय कर लिया है पर बोल नहीं रहे।

# सोशल मीडिया पर छिड़ी रार, डिजिटल स्ट्राइक से चुनाव जीतेंगे प्रत्याशी

चुनावी समर

अमन सक्सेना, शुक्लागंज

**अमृत विचार।** आधुनिक युग में सोशल मीडिया की ताकत हर कोई जानता है। इसके चलते ही अब जिले में लोकसभा चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों ने अपना हथियार बनाया है। जहां उनके सोशल मीडिया वॉरियर्स सोशल साइटों पर सक्रिय हो गये हैं। वहीं, भाजपा, इंडिया गठबंधन व बसपा के अलावा निर्दलीय प्रत्याशियों ने जन-जन तक अपनी बात पहुंचाने के लिये फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, व्हाटसएप व यूट्यूब के अलावा अन्य साइटों पर प्रचार शुरू कर दिया है। जिस पर यूजर्स अपनी प्रतिक्रियाएं भी दे रहे हैं। इतना ही नहीं उनके समर्थकों में कमेंट को लेकर रार भी छिड़ चुकी है।

जिले में चौथे चरण का मतदान 13 मई को होना है। इसके लिये सपा से अन्नू टंडन, बसपा से अशोक पांडेय, भाजपा से साक्षी महाराज, परचम पार्टी आफ इंडिया से सैफ खान, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से हिमांशु शर्मा के अलावा उमेश, शिव प्रकाश सिंह व सैय्यद सरफराज गांधी ने निर्दलीय नामांकन कराया है। चुनाव जीतने के लिये प्रत्याशी हर हत्थकंडे अपना रहे हैं। जिले का परिक्षेत्र 1,772 वर्गमील है। चुनाव प्रचार के लिये प्रत्याशियों के पास 15 दिन का ही समय बचा है।

ऐसे में जिले के हर गांव व शहर में पहुंचना उनके के लिये टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। जिसे देखते हुये प्रत्याशियों ने अपने सोशल वॉरियर्स को सोशल साइटों पर एक्टिव कर दिया है। जो चुनाव से जुड़ी जानकारियां सोशल मीडिया पर साझा कर जन-जन तक पहुंचा रहे हैं। इस बार लोकसभा चुनाव में सभी प्रत्याशी सोशल स्ट्राइक कर एक-दूसरे को मात देने की जुगत में लगे हैं। वहीं मतदाताओं को रिझाने के लिये तमाम प्रलोभन देते हुये पोस्ट भी डाल रहे हैं। जिससे युवा से लेकर हर वर्ग के लोग सोशल साइटों पर पोस्ट को पढ़कर अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं।


सोशल मीडिया का कैरीकेचर।

- चुनाव में सोशल मीडिया पर एक्टिव हुए सोशल मीडिया वॉरियर्स
- लोकसभा चुनाव के समर में उन्नाव से आठ प्रत्याशी हैं मैदान में

### सोशल मीडिया बना नया प्लेटफार्म

- वर्ष-2014 व 2019 में भाजपा के आईटी सेल ने सोशल मीडिया पर जमकर प्रचार किया था। इसके चलते भाजपा के साक्षी महाराज भारी मतों से विजयी भी हुये थे। उसी तर्ज पर इस बार भी सभी प्रत्याशी सोशल मीडिया को नया प्लेटफार्म बनाकर अपनी उपलब्धियां गिनाने के साथ ही प्रचार में जुटे हैं।

### प्रत्याशियों के सलाहकार तय कर रहे पोस्ट

- सोशल वॉरियर्स को प्रत्याशियों के पक्ष में पोस्ट डालने के लिये हायर किया गया है। लेकिन, कुछ पोस्ट वोटरों से अपील व अन्य ऐसी पोस्ट जो उनके प्रत्याशी के समर्थन में रहे इसके लिये प्रत्याशियों के सलाहकार पोस्ट तय करते हैं। जिसके बाद ही उन्हें अपलोड किया जा रहा है।

### ऑनलाइन छिड़ी है सियासत की जंग

- सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने के बाद लोग उसमें अपनी प्रतिक्रिया भी दे रहे हैं। वहीं विरोधी दल भी उसमें कमेंट कर रहे हैं। जिससे कमेंट को लेकर बहस भी हो रही हैं। ऑनलाइन सियासत की जंग छिड़ने पर कुछ यूजर्स चुटकी भी ले रहे हैं।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

## एक नजर

### बेटे से मारपीट करने व बाइक छीनने का लगाया आरोप

**पुरवा।** कोतवाली क्षेत्र के गांव मोतीखेड़ा निवासी जगदीश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका 25 वर्षीय बेटा राजू शुक्रवार शाम बाइक से गांव के एक युवक के घर गया था। जहां उस युवक ने बेटे से मारपीट की। आरोप है कि उसने बेटे की बाइक भी छीन ली। घटना के बाद से बेटा अभी तक घर नहीं आया है। उसके फोन पर कई बार संपर्क किया गया लेकिन फोन बंद है। पीड़ित ने बेटे के साथ अनहोनी होने की आशंका जताई है। कोतवाल कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

### आवारा मवेशी से बचने में फिसली बाइक, दो घायल

**बांगरमऊ।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव राजेपुर निवासी नीरज (25) पुत्र सुंदरलाल अपने रिश्तेदार मोहित (28) पुत्र राम विलास निवासी गांव अकबरपुर थाना छिबरामऊ जिला कन्नौज के साथ बाइक से अपनी रिश्तेदारी गांव ऐनी बुजुर्ग आसीवन गया था। घर लौटते समय शनिवार को आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे की सर्विस रोड पर आवारा जानवर को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। जिसमें बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

### मधुमक्खियों के हमले से किशोर घायल, रेफर

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव कलवारी निवासी गोगे का 16 वर्षीय बेटा रोजेश शनिवार को खेत जा रहा था। तभी अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने उस पर हमला कर दिया। इसमें किशोर गंभीर घायल हो गया। रास्ते से गुजर रहे ग्रामीणों ने किसी तरह मधुमक्खियों को भगाकर उसकी जान बचाई। बाद में परिजन किशोर को सीएचसी लाए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### घरेलू कलह के चलते युवक ने खुद को लगाई आग

**बांगरमऊ।** आसीवन थानाक्षेत्र के गांव सादाबाद के मजरा उम्मेद खेड़ा निवासी अशोक (30) ने घरेलू कलह के चलते बीती शुक्रवार देररात खुद पर डीजल डालकर आग लगा ली। आग लगते ही वह चीखने लगा। यह देख परिजन व पड़ोसी दौड़े और कंबल डालकर आग बुझाई। सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### चोरी की बाइक व तमंचे सहित एक गिरफ्तार

**उन्नाव।** औरास पुलिस ने वाहन चेकिंग में चोरी की बाइक व तमंचे के साथ एक युवक को पकड़कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेजा गया। औरास क्षेत्र के गांव पुरथ्यांवा पुलिया के पास पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी एक युवक के पास तलाशी में तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसने नाम लहरू गांव निवासी रामशंकर उर्फ पुल्लू बताया। जांच में इसके पास मिली बाइक भी चोरी की निकली।

## नन्हें-मुन्नों ने रैली निकालकर मतदान के लिए किया जागरूक

**फतेहपुर चौरासी।** लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए लगातार मतदाता जागरूकता रैली निकाली जा रही है। शिक्षा क्षेत्र फतेहपुर चौरासी के सूसूमऊ प्राथमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं ने रैली निकाल मतदान के लिए लोगों को जागरूक किया। रैली को विद्यालय प्रधानाध्यापक ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान बच्चे युवा हो तुम देश की शान उठो जागो करो मतदान आदि नारे लगाते हुए चल रहे थे। प्रधानाध्यापक ने कहा कि मतदान लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ होती है। यह मौका पांच साल में एक बार मिलता है। शिक्षक शिव प्रताप सिंह ने कहा कि हमारा लक्ष्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। बच्चों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई है। शिक्षिका ज्योति मिश्र, सहायक शिक्षक शिव प्रताप सिंह व ग्रामीण गेंदेलाल कुशवाहा, साजन कुमार आदि रहे।


रैली निकालते बच्चे व अन्य।

## मतदान कर्मियों को नहीं मिल रही छुट्टी

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- कमी से निपटने को गैर जिलों से बुलाने पड़ सकते हैं कार्मिक
- डीएम और सीडीओ की सख्ती छुट्टी की पैरवी में आ रही आड़े

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की तैयारियों के बीच जिले में हुए प्रशासनिक फेरबदल के चलते चुनावी ड्यटी कटवाना मुश्किल काम बना हुआ है। हालांकि, आयोग से पति-पत्नी में किसी एक को चुनावी ड्यूटी से रियायत दिए जाने के निर्देश हैं। लेकिन, बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात शिक्षक के तौर पर कार्यरत पति-पत्नी को भी राहत नहीं मिल पा रही है। इसलिए ड्यूटी कटवाने वालों को अब राजनैतिक जैक तलाशने को मजबूर होना पड़ रहा है।

जिले में लोकसभा चुनाव की सरगर्मियां बढ़ने के बीच शासन ने न सिर्फ डीएम बल्कि इससे पहले सीडीओ को भी स्थानांतरित कर दिया था। इसलिए दोनों नए अफसरों से बाहर के ही नहीं कार्यालयी स्टाफ में शामिल लोगों से भी रिश्ते नहीं बन सके हैं। इसलिए चुनाव ड्यूटी से छुटकारा दिलाने का भरोसा न कलक्ट्रेट और न ही विकास भवन के कर्मचारी दे पा रहे हैं। समान्यतः कर्मचारी सीधे प्रशासनिक अधिकारियों के सामने पेश होकर समस्या बता पाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। इससे चुनाव ड्यूटी से छुटकारा पाने को कार्मिक प्रभारी सीडीओ कार्यालय पहुंचने के बाद कर्मचारियों को निराश लौटने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। बीते वर्षों में कर्मचारियों के सेवानिवृत्त होने का सिलसिला तो जारी रहा लेकिन, नए लोगों की तैनाती नहीं हो सकी है। कार्यालयी कामकाज तो आउटसोर्स कर्मचारियों से किसी तरह निपटा लिए जाते हैं। लेकिन, चुनाव ड्यूटी में अस्थाई कर्मचारियों को तैनात नहीं किया जा सकता है। इसलिए जिले में कर्मचारियों की संख्या भी पूरी नहीं हो रही है। आयोग की स्वीकृति से परिषदीय विद्यालयों के शिक्षामित्र व अनुदेशकों को चुनाव संबंधित कार्यों में समायोजित किया जा चुका है। अब कर्मचारियों की कमी पूरी करने के लिए गैर जिलों से कर्मचारी मांगे जा रहे हैं। इसलिए हिम्मत कर चुनाव ड्यूटी कटवाने की फरियाद करने वालों को अधिकारी कार्मिक की कमी बताकर चलता कर देते हैं।

## सार-संक्षेप


भाजपा प्रत्याशी का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

### भाजपा प्रत्याशी ने दर्जनों गावों का दौरा कर मांगा समर्थन

**नवाबगंज उन्नाव।** भाजपा से लोकसभा प्रत्याशी साक्षी महाराज ने नवाबगंज विकासखंड के दो दर्जन गावों का दौरा किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में सभी का विकास हो रहा है। इसमें कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है। अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो आपका धन भी ले लेगी और औरतों के मंगलसूत्र भी खतरे में हैं। भाजपा प्रत्याशी का क्षेत्रीय विधायक बृजेश रावत के साथ चमरौली प्रधान समर बहादुर ने स्वागत किया। इसके साथ नवाबगंज में ब्लाक अध्यक्ष शशिकांत राजपूत, नगर पंचायत अध्यक्ष दिलीप लश्करी, राजेंद्र द्विवेदी, रवि सिंह आदि ने स्वागत किया। सरांयजोगा व आशाखेड़ा में प्रधान निजामुद्दीन व रियाज आदि ने स्वागत किया। इसके साथ सधीरा में प्रधान सुजीत कुमार ने अपने साथियों के साथ स्वागत किया। जनसार में पवन शर्मा के साथ अजगैन व बाबाखेड़ा आदि में भी स्वागत हुआ।


सपा प्रत्याशी का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

### रोड शो कर सपा प्रत्याशी ने मांगे वोट

**सफीपुर उन्नाव।** लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन की सपा प्रत्याशी व पूर्व सांसद अन्नू टंडन का सपा नेता स्वरित चौधरी के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में मौजूद कार्यकर्ताओं ने माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इससे पूर्व प्रत्याशी का काफिला रोड-शो के रूप में आगे बढ़ा। जिसे कस्बे में कार्यकर्ताओं ने रोड-शो में शामिल होकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव व अन्नू टंडन जिंदाबाद के नारे लगाए। नगर भ्रमण के दौरान युवाओं ने भी सपा प्रत्याशी का जोरदार स्वागत किया। वहीं 13 मई को होने वाले मतदान में सपा के पक्ष में मतदान करने की लोगों से अपील की। इस दौरान बांगरमऊ के पूर्व विधायक बदलू खां, सपा के विधानसभा अध्यक्ष मकसूद अली, पूर्व चेयरमैन नसीम अहमद, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि व युवा सपा नेता जितेंद्र रावत, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष संतोष फौजी, मनोज गुप्ता, उमाशंकर यादव, अनुज गौड़, अमन यादव, गोलू चौधरी, बलराम कश्यप सहित सैकड़ों सपा कार्यकर्ता रहे मौजूद रहे।

## देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए जरूर डालें वोट

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर क्षेत्रके संडीला रोड स्थित आरएस इंटर कॉलेज में शनिवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीओ अरविंद चौरसिया ने कहा कि मतदान ही लोकतंत्र की प्रथम सीढ़ी है। देश के उज्जवल भविष्य के लिए शत-प्रतिशत मतदान आवश्यक है।

कार्यक्रम में नायब तहसीलदार वैभव अग्रवाल ने कहा कि 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके युवक-युवतियों को मतदान के जरिए अपना प्रतिनिधि चुनने का अधिकार है। उन्होंने सभी से खुद मतदान करने व पड़ोसियों को भी मतदान के लिये प्रेरित करने की अपील की। संबोधन के पूर्व प्रबंधक रिज़वान अहमद ने स्मृति चिन्ह भेंट कर अतिथियों का अभिनंदन किया। सीओ ने दीप प्रज्वलित कर व मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं द्वारा हमारा संविधान चलो करें मतदान व देश को संवारना है, सब जागो ना टाइटल पर नुक्कड़ नाटक पेश कर मतदान के लिये लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम समाप्ति पर प्रधानाचार्य द्वारा अतिथियों का आभार प्रकट किया गया। संचालन शिक्षिका शुभी पांडेय ने किया। विद्यालय प्रबंधक ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत नाटक, गीत व नृत्य आदि कार्यक्रमों को तैयार कराने में प्रमुख भूमिका निभाने पर शिक्षिका शिखा की खूब सराहना की गई। कार्यक्रम में विद्यालय के कॉर्डिनेटर आमिर अहमद सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं मौजूद रहीं।



कार्यक्रम में नृत्य व नाटक प्रस्तुत करते बच्चे। अमृत विचार

## शराब ठेके के बाहर पड़ा मिला अधेड़ का शव

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** सदर कोतवाली अंतर्गत शुक्रवार को शराब ठेके के पास अधेड़ का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया। इसमें अधिक शराब पीने या शराब में कुछ मिलाकर पीने से मौत की पुष्टि हुई है। सही कारण के लिए विसरा सुरक्षित किया गया है।

बिहार प्रांत के बेतिया जिला का मूल निवासी आलम खान (50) पुत्र सुलेमान करीब 30 साल से सदर कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर मोहल्ले में रहकर कबाड़ का काम करता था। वह शराब का लती था। शुक्रवार देरशाम आदर्श नगर मोहल्ले में संचालित एक देशी शराब की दुकान के सामने उसका शव पड़ा मिला था। परिजनों ने शराब पीने के बाद हालत बिगड़ने का आरोप लगाते हुए शव लेकर घर चले गए थे।

पुलिस को इसकी जानकारी हुई तो शनिवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। उसमें अधिक शराब पीने या शराब में कुछ मिलाकर पीने से मौत की पुष्टि हुई है। साथ ही बिसरा सुरक्षित किया गया है। पिता की मौत से बेटी मुस्कान, रीना, सीमा, साजन व राजन बेहाल हैं। एसएचओ प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट व तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एसडीएम से अवैध खनन होने की शिकायत

संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव

- प्रधान प्रतिनिधि की मिलीभगत से खनन का निर्माण कंपनी पर लगाया आरोप

**अमृत विचार।** तहसील बांगरमऊ अंतर्गत गांव रानीपुर ग्रंट के प्रधान प्रतिनिधि की मिलीभगत से गंगा एक्सप्रेस-वे से संबद्ध एक निर्माण कंपनी द्वारा करीब चार बीघा सरकारी जमीन से मिट्टी खनन कर उसे तालाब में तब्दील कर दिया गया। ग्रामीणों ने एसडीएम से मौके की जांच कराने व प्रधान और निर्माण कंपनी के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है।

रानीपुर ग्रंट गांव के ग्रामीणों ने एसडीएम नम्रता सिंह को दिये शिकायती पत्र में कहा कि राजस्व ग्राम के मजरा पसियन खेड़ा के पास करीब चार बीघा सरकारी जमीन अभिलेखों में चरागाह व बंजर में दर्ज है। प्रधान प्रतिनिधि द्वारा गंगा एक्सप्रेस-वे की ठेकेदार कंपनी को इस चारागाह की मिट्टी अवैध रूप से बेच दी गई और कंपनी ने जेसीबी से सरकारी जमीन से मिट्टी का अवैध खनन कर तालाब बना दिया। जिससे सरकार को राजस्व की हानि हुई है। गांव के कमल किशोर, वीरेंद्र कुमार, महादेव, सुधीर, आशाराम, संजय, रामनाथ, महेश प्रसाद व गंगाराम आदि रहे।

ग्रामीणों की मुसीबत

सफीपुर क्षेत्र के अधेलियां चौराहा से किशनपुर-टड़वा मार्ग पर बनी पुलिया तीन माह से है क्षतिग्रस्त

## तीन माह पूर्व टूटी पुलिया का अब तक नहीं हो सका निर्माण

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** लोक निर्माण विभाग की उदासीनता के चलते तीन माह पूर्व टूटी पुलिया अब तक नहीं बन पाई है। अधिकारियों के आश्वासन के बाद भी क्षतिग्रस्त पुलिया का निर्माण शुरू नहीं किया जा सका है। इससे क्षेत्रीय लोगों को आने जाने में समस्याएं हो रही हैं। पुलिया निर्माण न होने से परेशान ग्रामीणों ने विभागीय अफसरों से निर्माण की मांग की है।

सफीपुर तहसील क्षेत्र के अधेलियां चौराहा से किशनपुर-टड़वा मार्ग पर बनी पुलिया तीन माह पूर्व क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसके बाद क्षेत्रीय लोगों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से की गई शिकायत पर संबंधित विभाग ने क्षतिग्रस्त पुलिया के पास के खेतों से कच्चा रास्ता निकालकर यह आश्वासन दिया था कि जल्द ही पुलिया का निर्माण कराया जाएगा। लेकिन, तीन माह बाद भी विभाग ने कोई कार्य नहीं कराया। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। अफसरों की अनदेखी के चलते लोग सरकार कोस रहे हैं।

पुलिया क्षतिग्रस्त होने के बाद से आमजन को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल व अस्पताल जाने वालों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। तीन माह बाद भी पुलिया निमार्ण न होना अधिकारियों की लापरवाही दर्शाता है।

इस संबंध लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता सुबोध कुमार ने बताया कि इसका प्राक्कलन शासन को भेजा गया है। स्वीकृत मिलते ही निर्माण कराया जायेगा।


टूटी पड़ी पुलिया। अमृत विचार

### जमीन पर पूरे नहीं हो रहे सरकारी दावे


रामखेलावन।

अंधेलिया गांव निवासी प्रधान प्रतिनिधि रामखेलावन ने बताया कि योगी सरकार में सड़क को लेकर बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं। लेकिन, जमीनी हकीकत कुछ और ही है। बीते कई महीने से टूटी पुलिया व जर्जर सड़क की सुध लेने अभी तक विभाग का कोई जिम्मेदार नहीं आया।

### 10 पोलिंग बूथों पर इसी मार्ग से होकर जा सकेंगे


प्रियांशु मिश्र।

किशनपुर टड़वा गांव निवासी प्रियांशु मिश्र ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव में करीब 10 पोलिंग बूथों पर जाने का यही एक रास्ता है। आमजन के अलावा बूथों तक जाने वाली टीमों व सुरक्षा कर्मियों के वाहन भी पहुंचने में बड़ी समस्या का सामना करना पड़ेगा।

# बाइक से उछलकर गिरी महिला की हुई मौत

उन्नाव। सफीपुर कोतवाली अंतर्गत उन्नाव-हरदोई मार्ग पर बेटे के साथ मुंडन से लौट रही महिला झपकी लगने से बाइक से उछलकर सड़क पर गिर गई। सिर में आई गंभीर चोट से उसकी मौत हो गई। हादसे के समय महिला के साथ उसकी नातिन भी गोद में थी। उसे भी मामूली चोटें आने से उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं हसनगंज कोतवाली अंतर्गत बीते सोमवार को दो बाईकों की हुई टक्कर में तीन युवकों की घटनास्थल पर मौत हुई थी। दो युवकों का ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा था। इसमें शनिवार को एक युवक ने दम तोड़ दिया। मौत की खबर घर पहुंची तो परिजनों में कोहराम मच गया।

### बेटे के साथ लौटते समय झपकी आने से हुआ हादसा

**हादसा 01**

**सफीपुर।** कानपुर नगर के मोहल्ला व थाना कलक्टरगंज निवासी शिव देवी (50) पत्नी जीत बहादुर अपने बेटे ललित के साथ हरदोई जिले के माधवगंज थानाक्षेत्र के गांव रुकनापुर निवासी अपनी ननद नीतू के घर मुंडन में शामिल होने शुक्रवार को गई थी। उसके साथ नातिन अनन्या भी थी। शनिवार को तीनों बाइक से कानपुर लौट रहे थे। तभी हरदोई-उन्नाव मार्ग पर सफीपुर कोतवाली के जसरा गांव के सामने पीछे बैठी महिला को झपकी आ गई और वह उछलकर सड़क पर गिर गई। सिर में चोट लगने से वह गंभीर घायल हो गई। बेटा उसे अस्पताल ले गया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। मौत की सूचना घर पहुंचते ही कोहराम मच गया। मां की मौत से बेटे ललित व अनूप सहित चार बेटियां बेहाल हैं। बेटियों का विवाह हो चुका है। एसएचओ श्याम नारायण सिंह ने बताया कि बाइक से सड़क पर गिरने से महिला की मौत हुई है।

### सड़क हादसे में घायल चौथे युवक की भी हुई मौत

**हादसा 02**

**हसनगंज।** बीती सोमवार देररात हसनगंज कोतवाली अंतर्गत सैरपुर गांव के एक मंदिर प्रांगण में मेला लगा था। मेला देखकर लौटते समय दो बाईकों की बांगरमऊ-लखनऊ मार्ग पर क्षेत्र के अकबरपुर गांव के सामने दो बाइकों आमने-सामने टक्कर हुई थी। इसमें राजकुमार, विमलेश व हर्षवर्धन की मौके पर मौत हो गई थी। वहीं घायल सचिन व विकास को गंभीर हालत में ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर किया गया था। जिनका वहां आईसीयू में इलाज चल रहा था। सिर पर आई गंभीर चोटों से सचिल कोमा में चला गया था। शनिवार को इलाज के दौरान उसकी भी सांसें थम गई। इसकी खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वह लखनऊ में रहकर पढ़ाई कर रहा था। दो बहनों सृष्टि व सोनिया के बीच वह इकलौता भाई था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। एसएचओ चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि इलाज के दौरान सचिन की मौत हुई है।

# छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल छात्र-छात्राओं का किया गया सम्मान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



सम्मानित किए जाने के बाद माला पहने विद्यार्थी, शिक्षक व अभिभावक।





मुख्य अतिथि के साथ खड़े दयानंद के मेधावी।

**अमृत विचार।** बीईओ ने मियागंज ब्लाक क्षेत्र के राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले 17 छात्र-छात्राओं सहित शिक्षकों व अभिभावकों का माल्यार्पण कर हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि सफल विद्यार्थियों को कक्षा नौ से 12 तक प्राप्त होने वाली 48,000 रुपए की धनराशि उनकी शिक्षा संबंधी आवश्यकता को पूरा करेगी, जिससे छात्र-छात्राएं अपना भविष्य संवार सकेंगे।

ब्लाक सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बीईओ मनींद्र कुमार सभी को बधाइयां देते हुए कहा कि निश्चित तौर पर यह सफलता गौरवांवित करने वाली है। उन्होंने परीक्षा में सफल कंपोजिट विद्यालय जालिम खेड़ा के विकास, निखिल, विवेक, विजय, उच्च प्राथमिक विद्यालय सलेमपुर की खुशी, उच्च प्राथमिक विद्यालय रजापुर के विकास, उच्च प्राथमिक विद्यालय बरहाकला के प्रांशु, कंपोजिट विद्यालय कनिगांव के अंकुर, लक्ष्मी व शोभित, उच्च प्राथमिक विद्यालय टेनई के संस्कार व आराध्या, कंपोजिट विद्यालय दीपागढ़ी के प्रिंस, कंपोजिट विद्यालय मुस्तफाबाद की श्रृष्टि प रिया, उच्च प्राथमिक विद्यालय सरंभा के देवा और उच्च प्राथमिक विद्यालय कादिरपुर की कमलाक्षी का माल्यार्पण किया। इसी तरह उन्होंने मौजूद अभिभावकों व शिक्षक-शिक्षिकाओं का भी माल्यार्पण कर हौसला बढ़ाया। साथ ही सभी को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र भी भेंट किए। उन्होंने कहा कि इस सफलता को जितना श्रेय छात्र-छात्राओं का है, उतना ही शिक्षकों व अभिभावकों का है। साथ ही विद्यालयों में कक्षा एक में बच्चों के अधिक से अधिक नामांकन कराने पर जोर दिया गया। कहा कि कंपोजिट ग्रांट का गाइड लाइन के तहत उपभोग करते हुए सभी डिजिटल पंजिकाओं को पूर्ण करना चाहिए। दीक्षा व निपुण लक्ष्य एप के प्रभावी क्रियान्वयन की सलाह दी। एआरपी अमित वर्मा, चंद्रपाल, अजय, बबिता त्रिवेदी, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष अविनाश तिवारी, सचिन सिंह, रेनू सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, सुजाता सिंह, जूनियर शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष शिव कुमार तिवारी, चंद्रपाल, अजय सिंह, बबिता त्रिवेदी, चक्रसुदर्शन सिंह, अरविंद सिंह, रिषभ दीक्षित, सुनील कुमार, अनिल, राजकुमार रहे।

- **राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा में सफल हुए क्षेत्र के 17 बच्चे**

### दयानंद स्कूल के मेधावियों को किया सम्मानित

**शुक्लागंज उन्नाव।** पोनी रोड स्थित दयानदं सरस्वती इंटर कॉलेज में शनिवार को प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां विद्यालय में पढ़ने वाले हाईस्कूल और इंटर के मेधावियों को सम्मानित किया गया। जहां विद्यालय प्रबंधन की ओर से छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। पोनी रोड के दयानंद स्कूल में शनिवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष के प्रतिनिधि संदीप पांडे ने किया। उन्होंने बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित किया और आगे भी उत्कृष्ट सफलता के लिए मंत्र प्रदान किया। इस दौरान हाईस्कूल में आलिमा 91 प्रतिशत, आस्था विश्वकर्मा 90, सौम्या शुक्ला 88, शिखा तिवारी 85, इंटर में मानसी गुप्ता 92, साक्षी चौरसिया 88, प्रिया रावत 88, अनुराधा तिवारी 81 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रबंधक संतोष तिवारी, प्रधानाचार्या सुधा तिवारी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन व्यवस्थापक अभिषेक तिवारी ने किया। सुधीर सिंह के अलावा स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

# जेल में फांसी लगा दुष्कर्म के आरोपी ने दी जान

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार।** दही थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी युवक को 14 दिन पहले पुलिस ने दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। शनिवार को वह जेल में गमछे से पंखे के सहारे फंदा बनाकर लटक गया। बंदी की सूचना पर जेल अस्पताल के डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव मोर्चरी में रखवाया है।



तेजपाल यादव।

दही थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी तेजपाल यादव (24) पर बीती चार मार्च-2024 को गांव निवासी एक किशोरी को अपने साथ ले जाने का आरोप लगाते हुए किशोरी के पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 10 अप्रैल को पुलिस ने किशोरी को बरामद कर आरोपी को पकड़ा था। मेडिकल व किशोरी के कलमबंद बयान के आधार दही पुलिस ने दुष्कर्म व पाक्सो की धारा बढ़ाकर 14 अप्रैल को उसे कोर्ट में पेश किया था। जहां से उसे जेल भेज दिया गया था। शनिवार दोपहर दो बजे तेजपाल जेल परिसर में कैदियों के भोजन के लिए बने सब्जी स्टोर में पंखे में अपने गमछे के सहारे फंदे से लटक गया। वहां से निकले एक कैदी की नजर उस पर पड़ी तो उसके होश उड़ गए। सूचना पर जेल अधिकारियों के साथ कारागार के डाक्टर पहुंचें और उसे नीचे उतारकर जांच की तो उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी भेजा है। जानकारी पर पहुंचे मृतक युवक का बड़ा भाई बबलू यादव आत्महत्या की वजह नहीं बता सका। बेटे की मौत से मां गंगा दुलारी व परिजन बेहाल हैं।

## हाईवे के किनारे मिला नेपाली युवक का शव

**बिछिया उन्नाव।** दही थानांतर्गत गांव मुर्तजा नगर नहर के पास एक युवक का शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तलाशी में मिली डायरी में लिखे फोन नंबर से संपर्क कर उसकी पहचान कराई। युवक नेपाल का रहने वाला है और स्लाटर हाउस में काम करने वाले भाई से मिलने आया था। पुलिस उसकी मौत सड़क हादसे में होना मान रही है।

लखनऊ-कानपुर हाईवे पर मुर्तजानगर गांव के किनारे शनिवार सुबह बबूल के पेड़ के नीचे नेपाल निवासी एक युवक का शव पड़ा मिला। एसओ ने बताया कि जामातलाशी में उसके पास एक डायरी में फोन नंबर लिखा मिला। इस पर संपर्क करने पर दही थानाक्षेत्र के एक स्लाटर हाउस श्रमिक उसके छोटे भाई तारा प्रसाद ने उसकी शिनाख्त अपने बड़े भाई कमल बहादुर पुत्र गोरे निवासी पर्वत जिला के ठूली पोखरी क्षेत्र नेपाल के रूप में की।

# गजिया खेड़ा में पहुंची स्वास्थ्य टीम

**अमृत विचार प्रभाव**

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव



गजियाखेड़ा गांव में चिकनपॉक्स की दवा बांटती स्वास्थ्य विभाग की टीम। **अमृत विचार**

**अमृत विचार।** सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक के कटरी पीपर खेड़ा गैर एहतमाली के गजिया खेड़ा गांव में साफ सफाई न होने से क्षेत्र में चिकनपॉक्स ने पैर पसार दिये थे। जिससे बच्चों से लेकर बड़े तक बीमारी की चपेट में आ गये थे। पूर्व विधायक ने सीएमओ को अवगत कराया। वहीं इस खबर को अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। जिसे संज्ञान में लेकर शनिवार सुबह स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जहां टीम ने आधा सैकड़ा से अधिक घरों में जाकर दवाइयां बांटी। इसके साथ ही आस पास साफ सफाई रखने के निर्देश दिये।

शासन के निर्देश पर विशेष संचार रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जा रहा है, इसके बावजूद गजिया खेड़ा गांव में ग्राम सभा की ओर से साफ सफाई नहीं कराई गई। गांवों की गलियां बजबजा रही हैं और चारों ओर गंदगी का अंबार है। जिस कारण पिछले पंद्रह दिनों से क्षेत्र में चिकनपॉक्स तेजी से फैल रहा है। गांव के गौरव, काजल, नंदनी, मुनीम, राशि, आशीष, अनीता समेत तमाम बच्चे चिकनपॉक्स की चपेट में आा गये। जिसकी जानकारी पूर्व विधायक रामकुमार एडवोकेट को दी गई। उन्होंने सीएमओ को अवगत कराया। वहीं गांव में फैल रहे चिकनपॉक्स की खबर को आपके अपने अमृत विचार ने प्रमुखता से प्रकाशित किया। जिसे स्वास्थ्य विभाग ने संज्ञान लिया और शनिवार को सीएमओ के निर्देश पर अचलगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टर प्रकाश नारायण द्विवेदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य कर्मी जीतेन्द्र, धर्मेन्द्र आदि गांव पहुंचे। जहां टीम ने घर-घर जाकर दवाइयां दी। ग्रामीणों को साफ सफाई रखने को कहा। टीम ने आधा सैकड़ा से अधिक घरों में जाकर दवाओं का वितरण किया।

- **स्वास्थ्य विभाग की टीम ने आधा सैकड़ा से अधिक घरों में दी दवाएं**

## सार-संक्षेप

### थाने के अंदर महिला ने सर्वे कानूनगो का पकड़ा कॉलर

**शुक्लागंज, उन्नाव।** शनिवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें गंगाघाट कोतवाली के अंदर एक महिला सर्वे कानूनगो पर गंभीर आरोप लगाते हुए उसका कॉलर पकड़ लिया। यह देख महिला सिपाही दौड़ी और महिला को हटाया। वायरल वीडियो की पुष्टि अमृत विचार नहीं करता है। शनिवार को सोशल मीडिया पर 16 सेकंड का गंगा घाट कोतवाली के महिला हेल्प डेस्क के अंदर का एक वीडियो वायरल हुआ। जिसमें सर्वे कानूनगो पर एक महिला ने गंभीर आरोप लगाए। इस दौरान वीडियो में महिला ने कानूनगो का कॉलर पकड़ लिया और खींचने लगी यह देख मौजूद महिला सिपाहियों ने महिला को हटाया। महिला के कॉलर पकड़ने का किसी ने सोशल मीडिया पर वीडियों वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने पर अधिकारियों ने संज्ञान लिया है।

### बेटी की ससुराल में पिता की हुई संदिग्ध हालात में मौत

**फतेहपुर चौरासी।** बेटी की ससुराल में पिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। बहू की तहरीर पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के हफीजाबाद गांव निवासी कन्हैया लाल बीते बुधवार अपनी बेटी की ससुराल सफीपुर गया था। इसी दिन उसकी बहू संतोषा भी बहन की शादी में मायके गई थी। बीते शुक्रवार अचानक बेटी के घर पर कन्हैया लाल की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मौत के बाद बेटी पिता का शव लेकर घर आई। वहां से अंतिम संस्कार के लिए परिजन नानामऊ घाट जा रहे थे। तभी सूचना पर पहुंची बहू ने पुलिस से ससुर की संदिग्ध मौत होने का आरोप लगाया। इस पर पुलिस पहुंची और जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। एसओ राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। थाना प्रभारी ने कहा कि पीएम रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शाम को लोगों से मिलेंगे प्रेक्षक

**उन्नाव।** उप निर्वाचन अधिकारी एडीएम वित्त एवं राजस्व नरेंद्र सिंह ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन कराने को लोकसभा क्षेत्र-33 उन्नाव में तैनात प्रेक्षक (सामान्य) बाबू ए आम मतदाताओं से सीधे संपर्क करना चाहते हैं। इसलिए वे नवाबगंज पक्षी विहार स्थित पर्यटक स्थल पर शाम पांच से छह बजे तक लोगों से मुलाकात करेंगे। प्रेक्षक से मिलने के लिए तय समय पर कोई भी व्यक्ति वहां पहुंच सकता है। साथ ही उनके मोबाइल नंबर 8887577114 या लाइजन अफसर डीपीओ राकेश मिश्र के मोबाइल नंबर 9838560229 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

### नकली किन्नर बने युवक को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**शुक्लागंज।** कानपुर का रहने वाला एक युवक नकदी किन्नर बन गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के रहमत नगर मोहल्ले में बधाई मांग रहा था, जिसकी जानकारी होने पर नगर के किन्नर पहुंचे और उससे पूछताछ किया। जिसके बाद उसे पकड़कर कोतवाली पुलिस को सौंप दियागया। रहमत नगर मोहल्ले में मांगलिक कार्यक्रम के दौरान कानपुर का रहने वाला एक बीस वर्षीय युवक नकली किन्नर बन बधाई मांग रहा था। जिसकी जानकारी शुक्लागंज की किन्नर गुरु शारदा को हुई। जिस पर वह तमाम किन्नरों के साथ पहुंची। जहां युवक को पकड़ लिया और उससे पूछताछ की। जहां कुछ लोगों ने उसे मारा पीटा। जिसके बाद किन्नर उसे लेकर गंगाघाट कोतवाली लाई और पुलिस को सौंप दिया। पुलिस ने युवक के परिजनों को बुलाया और जानकारी दी। किन्नर गुरु ने युवक से माफी मंगवाई। जिसके बाद शाम को उसे जाने दिया गया। गुरु ने दोबारा ऐसा न करने की हिदायत भी दी।

### माता के जगराते में भक्ति गीत सुन झूमे श्रद्धालु

**पुरवा उन्नाव।** नगर के पश्चिम टोला में शुक्रवार रात राधिका प्रथम जागरण पार्टी द्वारा विशाल जागरण का आयोजन किया गया। माता की ज्योति के साथ जागरण की शुरुआत हुई। इस दौरान ठाकुरद्वारा मंदिर समिति व स्थानीय लोगों ने मंदिर परिसर से माता की ज्योति का गगनभेदी जयकारा लगाते हुए मां शेरावाली को समर्पित कर जागरण कार्यक्रम का आगाज किया। जागरण में गायक कलाकार मुकुल बाजपेई ने गणेश वंदना के बाद 'चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है' भजन गाकर शमां बांध दिया। वहीं अन्य कलाकारों ने एक से एक बढ़कर एक भजन गीत गाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। जागरण सुनने पहुंचे लोगों ने माता रानी के लिए चुनरी, नारियल, मिठाई व पूजन सामग्री भेंट की। इस दौरान नगर के कोने-कोने से जागरण सुनने आए भारी संख्या में महिला व पुरुष पहुंचे और रात भर माता की भक्ति गीत सुनकर व सुंदर झांकियों का आनंद लिया। विश्व का कल्याण हो सहित गगनभेदी नारे लगाने से माहौल भक्तिमय हो गया। इस दौरान अशोक दुबे, योगेंद्र द्विवेदी, अश्वनी तिवारी, शांति तिवारी, यतिराज द्विवेदी, गोलू मिश्रा, राजा शर्मा, शिवांशु चौधरी, चेतन वर्मा, अतुल शुक्ला, शुभम श्रीवास्तव सहित मंदिर समिति के सदस्य व भक्त मौजूद थे।

### ससुराल आए अधेड़ ने फांसी लगाकर की खुदकशी

**उन्नाव।** औरास थानांतर्गत ससुराल आया अधेड़ पारिवारिक कलह से ऊबकर खेत में लगे पेड़ में फंदा बनाकर लटक गया। ग्रामीणों ने उसे लटका देख परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। औरास थानाक्षेत्र के चकबलेसर गांव निवासी जगपाल यादव (52) खेती करता था। तीन दिन पूर्व थानाक्षेत्र के बड़ादेव गांव स्थित अपनी ससुराल आया था। उसके इकलौते बेटे रवि की शादी उसके साले शिवनंदन की बेटी कल्पना से हुई है। होली पर बेटे-बहु में कहासुनी हो गई थी। इसके बाद से कल्पना मायके में थी। बताते हैं बहू को लिवाने जगपाल तीन दिन पहले ससुराल आया था। लेकिन बात नहीं बनी और इसे लेकर कहासुनी भी हुई। पुलिस की जांच में मामला पारिवारिक कलह का सामने आया है।

# प्रेक्षक पहुंचे मोहान क्षेत्र के मतदान केन्द्र

कार्यालय संवाददाता उन्नाव



निरीक्षण के दौरान मातहतों व ग्रामीणों से जानकारी लेते प्रेक्षक बाबू ए।

**अमृत विचार।** हो रहे लोकसभा चुनाव क्षेत्र में शामिल मोहन विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत शामिल मतदान केंद्रों का प्रेक्षक ने प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने सभी मतदान केंद्रों पर मोबाइल नंबर अंकित कराने के साथ महिला-पुरुष मतदाताओं को अलग-अलग कतारबद्ध कराने की व्यवस्था उपलब्ध कराने को कहा। वहीं कुछ मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वोट डालने वालों को असुविधा नहीं होनी चाहिए।

श्यामलाल इंटर कालेज नवाबगंज, प्राथमिक विद्यालय मकूर व प्राथमिक विद्यालय झलोतर आदि में उन्होंने सीसीटीवी कैमरे लगाने सहित अन्य व्यवस्थाएं कराने को कहा। मन्नालाल इंद्राणी कुंवर इंटर कालेज जैतीपुर के मतदेय स्थल में खिड़की लगवाने के साथ प्रकाश व्यवस्था के लिए लाइट लगाने के निर्देश दिए। प्रेक्षक ने सभी मतदान केंद्रों पर कुल सहित महिला-पुरुष मतदाताओं की संख्या अंकित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन मतदान केंद्र की दो सौ मीटर परिधि में मतदाता व पोलिंग पार्टी के अलावा किसी को नहीं रहना चाहिए।

### मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**पुरवा।** लोकसभा चुनाव सकुशल संपंन कराने के लिए एसडीएम ने विधानसभा क्षेत्र के बूथों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। एसडीएम रणवीर सिंह ने जोरावरगंज, मुबारकपुर, असावर, मझिगवां सदकू, दऊ व दिलसहामऊ आदि गांवों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान मौजूद ग्रामीणों से हरहाल में मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। साथ ही कहा कि किसी तरह की समस्या पेश आने पर वह कभी भी संपर्क कर सकते हैं। मतदान केंद्रों की साफ-सफाई व पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## रेलवे ने अतिक्रमण पर जारी की नोटिस

**शुक्लागंज।** राजीव नगर बस्ती भले ही तीन से चार दशक पुरानी है लेकिन रेलवे की जमीन पर अवैध रुप से लोगों ने अपने आशियाने बना रखे हैं। कब्जा करने के समय रेलवे विभाग ने किसी को रोका नहीं था। जिससे लोगों ने कच्चे पक्के मकान बनाते चले गए। इधर रेल मंत्रालय ने शुक्लागंज के कानपुर पुल बायां किनारा रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशन का कायाकल्प करा रहा है। जिसे देखते हुए रेलवे की ओर से राजीव नगर खंती को नोटिस जारी कर चेतावनी दी कि 3 मई तक बस्ती में रहने वाले लोगों ने अपने अतिक्रमण हटवा ले नहीं तो रेलवे बलपूर्वक अतिक्रमण हटवाएंगे। कानपुर लखनऊ रेल रूट स्थित गंगाघाट स्टेशन के पीछे लगभग चार दशकों से राजीव नगर बस्ती बसी हुई है। नोटिस पर यहां के लोग परेशान हैं।

# मौसम में बदलाव से हो रहे डिहाइड्रेशन के शिकार

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** जन विकास संघ के तत्वावधान में समाजसेवी हैदर रजा ने मेडिक्स हास्पिटल लखनऊ के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर आयोजित कराया, जिसमें 105 मरीजों चिकित्सकीय परामर्श सहित दवाइयां दी गईं। चिकित्सकीय परामर्श देने आए चिकित्सक ने बताया कि मौसम में उतार-चढ़ाव बना रहने से बुखार, डिहाइड्रेशन, व जोड़ों में दर्द होने की समस्या बढ़ जाती है।

डा. रोहित भदौरिया ने टीम में शामिल राशि शर्मा, कोमल व शालिनी मिश्रा के सहयोग से पंजीकृत मरीजों का परीक्षण किया। उन्होंने मरीजों को दवाइयां भी उपलब्ध कराईं। चिकित्सक के मुताबिक गर्मियों में लोगों को अधिक पेय पदार्थों का प्रयोग करना चाहिए, जिसमें छाछ, जूस, नीबू पानी, ग्लूकोज, ओआरएस घोल आदि का इस्तेमाल करना अधिक बेहतर है।

### अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य परीक्षण को लगा शिविर

**उन्नाव।** बार एसोसिएशन उन्नाव के लाइब्रेरी हाल में अधिवक्ताओं के स्वास्थ्य की जांच के लिए एक शिविर आयोजित किया गया। अधिवक्ता व उनके परिजनों की स्वास्थ्य जांच की गई। इसमें दिल्ली के डा. अशोक गुप्ता की टीम द्वारा 152 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। चिकित्सकों ने लोगों को खानपान सुधारने की सलाह दी। शिविर में बीपी, सुगर सहित अन्य जांचे की गई। इसमें समाजसेवी गौसिया खान, रिटायर्ड जज आरएन सिंह, बार एसोसिएशन अध्यक्ष सतीश शुक्ला, महामंत्री अरविंद कुमार, सर्वेश कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

**समस्या** दुकानों, शोरूम व बैंक के सामने अनाधिकृत रूप से खड़े होते हैं वाहन

# पार्किंग न होने से लाइलाज बना जाम

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव



डायवर्जन का उल्लंघन कर पहुंचे ऑटो व ई रिक्शा वापस कराता होमगार्ड जवान।

**अमृत विचार।** अधिकारियों की लाख कोशिशों के बाद भी शहर को जाम की समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। मुख्य मार्ग पर संचालित विभिन्न शोरूम सहित मार्केट में पार्किंग की व्यवस्था न होने से जाम की समस्या लाइलाज साबित हो रही है। आटो व ई रिक्शा के रूट परिवर्तन के बाद भी विभिन्न स्थानों पर आवागमन बाधित रहता है। शहर होकर गुजरने वाले लखनऊ-कानपुर मार्ग पर संचालित किसी भी राष्ट्रीयकृत या निजी बैंक शाखा ने पार्किंग व्यवस्था कर रखी है। इसी तरह विभिन्न ब्रांडेड कंपनियों के शोरूम संचालकों ने ही पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने को तवज्जो दी है। इसलिए कार से बाजार करने निकलने वाले विभिन्न स्थानों पर अपनी गाड़ियां पार्क कर खरीदारी करते रहते हैं, जिससे पहले से सकरी सड़क पर अन्य वाहनों को निकलने की जगह नहीं मिलती। इससे लोगों को आईबीपी चौराहा से लेकर गांधीनगर तिराहा तक जगह-जगह जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। हालांकि शहर में आटो व ई रिक्शा की संख्या बहुत है, लेकिन इनके रूट डायवर्जन के बाद भी जाम की समस्या समाप्त नहीं हो रही है। यातायात पुलिस इधर नगर पालिका परिषद के सामाने से छोटा चौराहा जाने वाले आटो-ई रिक्शा को मुख्यमार्ग के बजाए पालिका रोड पर डायवर्ट करते रहते हैं। उधर गांधी नगर व छोटे चौराहा से आटो-ई रिक्शा को सीधे बड़े चौराहा की ओर न बढ़ने देकर लोकनगर रोड पर डायवर्ट किए जाते हैं। इसके बाद भी इस रोड पर करीब एक किलोमीटर की दूरी तय करने में लोगों को काफी समय बर्बाद करना पड़ता है।

- **ऑटो व ई-रिक्शा डायवर्ट करने के बाद भी कम नहीं हो रही है समस्या**

## फोरलेन के डिवाइडर पर लगे अवैध यूनीपोल, नगर पालिका ने जारी की नोटिस

**शुक्लागंज उन्नाव।** नगर पालिका क्षेत्र के फोरलेन पर डिवाइडर पर प्रचार प्रसार करने के लिये लोगों ने अवैध रूप से यूनीपोल लगा रखे हैं। बिना पालिका से अनुमति लिये लगाये गये यूनीपोल पर पालिका प्रशासन की नजरें टेढ़ी हो गई है। रास्जव के नुकसान को देखते हुये ऐसे लोगों को पालिका ने नोटिस जारी की है। इसके साथ ही जल्द ही उनके खिलाफ जुर्माना ठोका जायेगा। नोटिसें मिलने पर यूनीपोल पर प्रचार प्रसार करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

शुक्लागंज फोरलेन पर गंगाघाट कोतवाली से लेकर मरहला चौराहे के बीच तमाम छोटे-बड़े यूनीपोल, होर्डिंग व अन्य प्रचार प्रसार के साधन डिवाइडर पर बिना पालिका की अनुमति से लगाये गये हैं। जिस पर होर्डिंग, बैनर लगाने वालों ने इसकी अनुमति पालिका से लेना मुनासिब नहीं समझा और अनाधिकृत तौर पर प्रचार सामग्री लगाकर पालिका को राजस्व का नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिसकी जानकारी होने पर पालिका प्रशासन ने ऐसे लोगों की सूची तैयार कराई। जिसके बाद नोटिस भेजी गई।

### पुलिस ने धन कराया वापस

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के कांशीराम कालोनी निवासी अनिल के 26 जनवरी को आनलाइन फ्राड कर 5000 रुपए उड़ा लिए थे। पुलिस ने उक्त धनराशि खाते में वापस कराई।

**कार्यालय उप निर्वाचन अधिकारी, 33- उन्नाव**

**प्रेस नोट**

लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराये जाने हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र 33-उन्नाव के लिए तैनात किये गये प्रेक्षक श्री बाबू ए0 का जनपद में आगमन हो चुका है। मा0 प्रेक्षकगण का अवस्थान संबंधी विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र0 सं0 | मा0 प्रेक्षक का नाम | लोक सभा क्षेत्र | अवस्थान स्थल | जनता से मिलने का स्मय | जनता से मिलने का समय | मा0 प्रेक्षक का स्थानीय मो0 नं0 | लाइजन आफिसर का नाम एवं मो0 नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री बाबू ए0 | 33-उन्नाव | पर्यटक आवास गृह, नवाबगंज पक्षी विहार | नवाबगंज पक्षी विहार उन्नाव | सांय 5.00 से 6.00 बजे तक | 8887577114 | श्री राकेश कुमार मिश्र (9838560229) |

(नरेन्द्र सिंह)
उप निर्वाचन अधिकारी, 33- उन्नाव

